# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 177 बैकुण्ठपुर, मंगलवार 18 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com

# आठ दिनों में कोरोना संक्रमितों की संख्या शतक पार

## 10 से 17 अप्रैल के बीच 140 संक्रमित सामने आए, एक की हुई मौत, रेपिड रिस्पांस टीम तैयार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कोविड-19 संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु सतर्कता बरतते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत टीम गठित की गई है। इधर सोमवार को जांच में 36 कोरोना संक्रमित मिले हैं, जिनमें 7, 8 व 12 वर्ष के बच्चे भी शामिल हैं। संक्रमितों में सर्वाधिक 31 अंबिकापुर के हैं। आठ दिनों में 10 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच संक्रिमतों का आंकड़ा धीरे-धीरे शतक को पार कर 140 में पहुंच गया है। एक संक्रमित की बीते शनिवार को मौत हुई है। देखा जाए तो कोरोना संक्रमण की कम रफ्तार के बीच बढ़ी जांच प्रक्रिया से रोजाना ऐसे केस सामने आने लगे हैं, जिससे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

कोविड 19 से बचाव एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए कांटेक्ट ट्रेंसिंग टीम गठित की गई है, जो मरीजों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर समस्त मरीजों को मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से दवा उपलब्ध कराएगी। रेपिड रिस्पांस टीम कोविड-19 के धनात्मक मरीजों की सूची के अनुसार किसी भी आपात स्थिति, सर्विलांस एवं अन्य कार्य के लिए 24×7 अपने चिकित्सा दल के साथ तैयार रहेगी। स्कूल, हॉस्टल, आंगनबाड़ी जांच हेतु दल गठित किया गया है। दवा की उपलब्धता प्रोफिलेक्टिक डोज, कोविड-19 टेस्ट एंटीजन सुनिश्चित करने टीम बनाई गई है। जिला अस्पताल एवं स्टोर से समन्वय तथा रोजाना डाटा संधारण सुनिश्चित करने अधिकारियों-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। यह ड्यूटी रोस्टर आपात स्थिति के लिए निर्धारित किया गया है। संबंधितों को वर्तमान में किए जा रहे कार्यों के साथ ही रोस्टर में निर्धारित ड्यूटी कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरा करना होगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार कोविड-19 संक्रमण दर में बढ़ोतरी रोकने, कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने एवं इंफेक्शन कंट्रोल के लिए अंबिकापुर के राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध जिला अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा, नवागढ़ एवं भगवानपुर को निर्देश जारी किए गए हैं। आम लोगों से कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने, मास्क लगाएं, सामाजिक दूरी बनाए रखने, भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने, सर्दी-खांसी, बुखार से पीड़ित होने की स्थिति में तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की अपील की जा रही है।



### हॉस्टल, स्कूलों का निरीक्षण करेगा चिरायु दल

कोविड महामारी को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र के समस्त हॉस्टल, स्कूलों का सघन निरीक्षण चिरायु दल द्वारा किया जाएगा, ताकि आइएलआइ एवं एसएआरआइ के प्रकरणों की तत्काल जांच कर उन्हें आइसोलेट किया जा सके। बच्चों में संक्रमण ना फैले, इसके लिए प्रशासन सजग है। साथ ही बच्चों को कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने शिक्षित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### समन्वय बनाने डॉ.अर्पण, प्रियंका को जिम्मेदारी

कोविड-19 को देखते हुए स्वास्थ्य प्रशासन ने कांटेक्ट ट्रेसिंग टीम, रेपिड रिस्पांस टीम, स्कूल, हॉस्टल व आंगनबाड़ी के लिए दल, दवा की उपलब्धता प्रोफाइलेक्टिक डोज, कोविड-19 टेस्ट एंटीजन जैसी टीमों का गठन किया है। जिला अस्पताल में भर्ती कोविड-10 के भर्ती मरीजों के संबंध में समन्वय बनाने डॉ.अर्पण सिंह चौहान, प्रियंका कुरील को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा स्टोर से समन्वय स्थापित करने सुनील नाग को दायित्व दिया गया है। कोविड-10 के मरीजों का डाटा आईडीपीएस शाखा से समन्वय कर शहरी क्षेत्र में पृथक से संधारित करने पृथक से चार कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### चार स्थलों में बनाए गए जांच केंद्र

पीड़ितों की सुलभता के लिए अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में चार स्थलों पर जांच केंद्र बनाया गया है। जिला अस्पताल अंबिकापुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में जांच सुविधा का लाभ बीमार ले सकते हैं। सभी आइएलआइ एवं एसएआरआइ इंफेक्शन वाले मरीजों को प्रोफाइलेक्टिक डोज का नि:शुल्क कीट वितरण शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा, नवागढ़ और भगवानपुर से किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग पांच हजार पैकेट बनाकर संधारित किया गया है। इसी क्रम में शहरी क्षेत्र में व्यवस्था के लिए चिकित्सा दल का गठन किया गया है। तत्संबंध में की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अमीन फिरदौसी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुष जायसवाल, सुपरवाइजर धनेश प्रताप सिंह को जिम्मेदारी मिली है, जिन्होंने निरीक्षण शुरू कर दिया है।

### आपात स्थिति के लिए बना ड्यूटी रोस्टर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पीएस सिसोदिया ने जारी आदेश में बताया है कि जो ड्यूटी रोस्टर बनाए गए हैं, वे आपात स्थिति के लिए हैं। रोस्टर में जिनकी ड्यूटी लगी है, वे वर्तमान में जो दायित्व निभा रहे हैं, उसके साथ उक्त कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरा करेंगे। मरीज से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रपत्र में आईडीएसपी शाखा में प्रेषित किया जाएगा। इसके अलावा नोडल अधिकारी कोविड-19 डॉ.शैलेंद्र गुप्ता व डॉ.अमीन फिरदौसी प्रभारी शहरी कार्यक्रम प्रबंधक को जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे।

| दिनांक | कोरोना संक्रमित |
|---|---|
| 10 अप्रैल | 06 |
| 11 अप्रैल | 15 |
| 12 अप्रैल | 14 |
| 13 अप्रैल | 23 |
| 14 अप्रैल | 09 |
| 15 अप्रैल | 25 |
| 16 अप्रैल | 12 |
| 17 अप्रैल | 36 |
| **कुल-** | **140** |

# भारती परिवार की नेकदिली से दिव्यांगों को मिलेगी नई रौशनी

### पिता के निधन के बाद स्वजनों की सहमति से किया नेत्रदान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मरणोपरांत नेत्रदान और जीते-जी रक्तदान को सच्ची मानव सेवा का पर्याय माना गया है, इसके बाद भी जब वक्त आता है तो अधिकतर लोग इसे भूल जाते हैं, लेकिन अंबिकापुर निवासी समाजसेवी मनोज भारती ने अपने पिता रामपति राम 76 वर्ष के निधन के बाद स्वजनों की सहमति से अपने पिता का नेत्रदान कराया। भारती परिवार की नेकदिली से दिव्यांगों को नई रोशनी मिलेगी। स्वजनों ने रामपति राम की मृत्यु के छह घंटे के भीतर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर नेत्र विभाग से संपर्क किया और तत्काल नेत्र विभाग की टीम की नोडल डॉ. रजत टोप्पो, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. दीपा बुधवानी, डॉ. डोमन साहू,



रमेश घृतकर ने नेत्रदान की प्रक्रिया को संभव बनाया।

### अब तक पांच लोगों ने किया नेत्रदान

भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख कॉर्निया की आवश्यकता होती है, लेकिन प्रतिवर्ष अनुमान के अनुसार 50 हजार कॉर्निया का ही दान होता है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ ऑर्गन डोनेशन एलिट (कोड) विगत एक वर्षों से 'रक्तदान महादान-अंगदान जीवनदान' नाम से जागरूकता अभियान चला रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी के बीच रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान वा देहदान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। अभियान के तहत अब तक सरगुजा जिले में 100 लोगों ने नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरा है। नेत्र विभाग की नोडल डॉ. रजत टोप्पो ने बताया कि सरगुजा में अब तक पांच नेत्रदान हुआ है।

### कार्निया को आई बॉक्स में भेजा गया सिम्स

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आई विभाग की नोडल अधिकारी डॉ. रजत टोप्पो ने बताया स्व. रामपति राम के पार्थिव शरीर से दोनों आखों के कार्निया सम्मान के साथ निकालकर आई कंटेनर में रखा गया। इसके बाद कंटेनर को कोल्ड चेन में डाला गया। कार्निया को 4 डिग्री तापमान में रखने का नियम है। इसके बाद आई कंटेनर को सिम्स भेज दिया गया है।

# सोमवार को दोपहर 2.30 बजे शहर का तापमान 38.4 डि.से.

### तल्ख धूप और लू के थपेड़े ने लोगों को किया बेहाल

**अंबिकापुर।** अप्रैल माह में गर्मी का तीखा तेवर देखने को मिल रहा है। तल्ख होती धूप के साथ लू के थपेड़े लोगों को झुलसाने लगे हैं। तेज धूप से लोग बेहाल हैं, मई की गर्मी और नौतपा की चर्चा अभी से होने लगी है। सोमवार को दोपहर बाद 2.30 बजे अंबिकापुर का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो अन्य दिनों की स्थिति में काफी अधिक था।

अप्रैल माह में धूप व गर्म हवा लोगों को परेशान करने लगी हैं। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हाल रहा। सुबह सात-आठ बजे तक तो थोड़ी राहत थी, इसके बाद सूर्यदेव की तीखी किरणों का सामना करना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा था। सुबह 10 बजते तक तीखी धूप और गर्म हवा शुरू होने से लोग घर से बाहर निकलने में गुरेज कर रहे हैं। मौसम के रूख को देखते हुए लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। कामकाजी वर्ग को मजबूरी में घरों से बाहर निकलना पड़ रहा है। धूप की तल्खी व गर्म हवा के प्रकोप से न सिर्फ लोग, बल्कि पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रात में भी अब गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है, पंखे, कूलर बेअसर साबित हो रहे हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही गर्मी के सामने आए तेवर के बीच लगातार तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।






| Date | Max | Min | Rain |
|---|---|---|---|
| 1 | 29.2 | 17.0 | 8.7 |
| 2 | 29.6 | 17.0 | 0.2 |
| 3 | 30.4 | 16.4 | 0.4 |
| 4 | 32.2 | 19.4 | 0.0 |
| 5 | 34.9 | 19.2 | 0.0 |
| 6 | 32.5 | 18.4 | 0.0 |
| 7 | 34.3 | 18.5 | 0.0 |
| 8 | 34.8 | 22.0 | 0.0 |
| 9 | 32.7 | 19.8 | trace |
| 10 | 34.4 | 20.5 | 0.0 |
| 11 | 35.2 | 19.5 | 0.0 |
| 12 | 36.8 | 19.7 | 0.0 |
| 13 | 37.9 | 20.2 | 0.0 |
| 14 | 38.2 | 21.5 | 0.0 |
| 15 | 39.2 | 22.4 | 0.0 |
| 16 | 38.8 | 25.3 | 0.0 |
| 17 | 38.2 | 23.2 | 0.0 |




### गमछा व स्कार्फ की मांग बढ़ी

चिलचिलाती धूप व गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सूर्य की तीखी किरणों से लोगों के चेहरे झुलसना शुरू हो गया है। लोग चेहरे को गमछा व स्कार्फ से ढककर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। बाजार में कॉटन के गमछा व स्कार्फ की मांग बढ़ गई है।

### तरबूज, खीरा के साथ ठंडे पेय की ओर लोगों का रूझान

तेज धूप व गर्मी से लोगों के चेहरे तो झुलस ही रहे हैं, इसके साथ ही लोगों के कंठ भी सूखने लगे हैं। लोग ठंडे पानी के साथ-साथ शीतल पेय पदार्थों से गला तर कर रहे हैं। सत्तू, गन्ना रस के अलावा फ्रूट बियर, लस्सी, ठंडे शेक, ककड़ी, खीरा, तरबूज की मांग बढ़ गई है।

### खुलने लगे प्याऊ

शहर में तेज गर्मी के बीच राहगीरों को राहत देने शहर में सार्वजनिक प्याऊ खोलने का दौर अब शुरू हो रहा है। निगम के पुराने भवन के सामने सोनार उत्थान समिति की ओर से प्याऊ खोला गया है। बढ़ती गर्मी के बीच विभिन्न संस्थाओं के द्वारा प्याऊ की व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं ने बताया कि निगम द्वारा तीन-चार स्थालों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं, इसकी क्या स्थिति है, इसकी जानकारी ली जा रही है। बंद वॉटर एटीएम का सुधार कार्य कराया जाएगा।

# ग्रहों के साथ किया खेल, चांद पर लगाया रॉकेट

### श्री साईं बाबा स्कूल में बच्चों ने मनाया पाजामा पार्टी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** श्री साईं बाबा स्कूल में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास पाजामा पार्टी मनाया, जिसमें कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया। पार्टी के प्रारंभ में शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सैंडविच, पॉपकॉर्न के साथ कोल्ड ड्रिंक का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने पार्टी की तैयारी आकर्षक परिधान पहन कर की। चार दलों में विभाजित बच्चों ने मर्करी, वीनस, अर्थ और मार्स



के रूप में अपनी पहचान बनाई। सभी दलों ने खेलों में हौसला आफजाई किया। बच्चों ने सभी ग्रहों को कतार में संयोजित करने का कौशल दिखलाया। बच्चों के एक वर्ग ने आंखों पर पट्टी बांधकर रॉकेट को चांद पर चिपकाया। भोजन के बाद बच्चों ने आइसक्रीम का आनंद लिया। विद्यार्थियों ने देर रात तक लोकगीत, बालगीत पर रंगारंग प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने नई सुबह का स्वागत योगाभ्यास व प्राणायाम से किया। इस अवसर पर श्री साईं बाबा स्कूल के सचिव अजय कुमार इंगोले, अलका इंगोले, यशा इंगोले चौधरी, प्राचार्य प्राची गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सृष्टि सिंह, दीप्ति सिन्हा, सुनीता मिश्रा, सुखलाल राम, विनिता कच्छप, राहुल सोनकर आदि ने सहयोग किया।

**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9714108088

# दुष्कर्म की जानकारी स्वजनों को देने के बाद बालिका फांसी लगा की खुदकुशी

### आरोपी ने घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को दिया था अंजाम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र की एक बालिका फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। नौ अप्रैल की रात को गांव के ही एक व्यक्ति ने बालिका के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म किया था, इसके बाद से वह सदमे में थी और खाना-पीना छोड़ दी थी। 15 अप्रैल की सुबह वह घर में फांसी लगा ली थी। स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान 16 अप्रैल की रात को उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिले के रामानुजनगर की बालिका नौ अप्रैल को घर में अपने कमरे में सो रही थी। रात करीब 10 बजे गांव का ही राजेश साहू नामक व्यक्ति उसके कमरे में घुस गया और सो रही बालिका को डराने-धमकाने लगा। आरोपित युवक ने मुंह दबाकर बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बालिका के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्वजन अपने-अपने कमरे से बाहर निकले तो वह भागने लगा। आरोपी को लड़की के कमरे की ओर से भागते स्वजनों ने देखा। बालिका से पूछने पर वह दुष्कर्म की घटना संभवत: ग्लानिवश स्वजनों को नहीं दी। दूसरे दिन स्वजन चोरी की नीयत से घर में घुसने की रिपोर्ट रामानुजनगर थाने में दर्ज कराए। इस घटना के बाद से बालिका विचलित थी और शांत रहती थी, उसने खाना-पीना छोड़ दिया था। इसका कारण जानने का प्रयास स्वजनों ने किया तो वह 14 अप्रैल की शाम को आरोपी के द्वारा किए गए दुष्कर्म की जानकारी उन्हें दी। स्वजन इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी में थे कि 15 अप्रैल की सुबह घटना से क्षुब्ध बालिका घर में ही फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। बालिका को फांसी के फंदे से उतारकर स्वजन उसे रामानुजनगर अस्पताल ले गए, चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल रेफर किया। यहां से भी डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया, यहां इलाज के दौरान 16 अप्रैल की रात की बालिका की मौत हो गई।

# लुण्ड्रा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नागम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नागम को राष्ट्रीय स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित पंचायतों के प्रोत्साहन-सह-पुरस्कार समारोह में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह के हाथों नागम पंचायत के सरपंच भंडारी राम पैंकरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। जिले के कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस पुरस्कार के लिए नागम पंचायत के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता और प्रशासकीय सहयोग से नागम ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न आय मूलक गतिविधियों से जुड़कर स्वरोजगार अपना खुद को आर्थिक रूप से सशक्त की हैं। साथ ही यहां मनरेगा के माध्यम से रोजगार, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का सुचारू संचालन होने से सभी तक भोजन, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, स्थानीय स्वच्छता आदि मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है, जिसके मद्देनजर ग्राम पंचायत नागम को उत्कृष्ट कार्य करने राष्ट्रीय स्तर पर गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका की श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि पंचायतों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करने भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ऐसे पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों द्वारा पुरस्कार के लिए आवेदन किया जाता है, इसमें नौ श्रेणियां हैं। एक ग्राम पंचायत सभी नौ श्रेणियों में आवेदन कर सकती है। जिला पंचायतों की श्रेणी में हर राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर तीन-तीन जिला पंचायतों का विषयवार चयन करता है।

## भटगाव मंडल के सैकड़ों आदिवासी कार्यकर्ता पहुंचे रायपुर



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा के अगुवाई में भटगाव मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों से सैकड़ों जनजाति समाज के कार्यकर्ता 16 अप्रैल को डीलिस्टिंग कार्यक्रम रायपुर में पहुंच कर जनजाति गौरव समाज अपने हक अधिकार के लिए विशाल महारैली मे शामिल हुए। आदिवासी हिन्दू धर्म मानने वाले गैर विदेशी संगठन के बहकावे में आकर धर्मांतरण कर रहे हैं और अन्य धर्म को मान रहे हैं अपने पूर्वजों के परंपरा, समाजिक रीति-रिवाज को छोड़कर ईसाई धर्म अपना रहे हैं उन्हें डीलिस्टिंग के माध्यम से इनका आरक्षण को समाप्त किया जाए। आज भी किसी भी धर्म मानने वाले जाति प्रमाणपत्र मे हिन्दू धर्म लिखकर आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में भटगाव मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाडे, व रमेश गुप्ता के नेतृत्व में आदिवासी नेता प्रदीप पैकरा, प्रमोद पैकरा, राममिलन, बुधदेव सिंह, देवीचरन, सहेबा पैकरा, कृष्णा, मधु, कलेशवर, शिवसरन, बच्चा लाल, जमधर, मुखदेव, भवन साय, लक्ष्मण, करमू, जगपाल मिज, प्यारे लाल, राजु, देवचंद, पवन, चैनसाय, विक्की मिज, बसंत तिरकी,संतलाल, अनुप, राजेंद्र, बृजलाल, बलजीत, हिरासाय, सियाराम, शिवचंद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर हुआ अमल

# चिंतामणि महाराज ने उप पंजीयक कार्यालय राजपुर का किया शुभारंभ

### राजपुर तहसील के 90 गांवों के लोगों को मिलेगी पंजीयन की सुविधा

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक श्री चिंतामणि महाराज ने विकासखण्ड राजपुर में फीता काटकर उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ किया।

इस दौरान क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए संसदीय सचिव एवं सामरी विधायक श्री चिंतामणी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान राजपुर में उप पंजीयक कार्यालय प्रारम्भ करने की घोषणा की गई थी, जिसका शुभारम्भ आज किया जा रहा है। पंजीयन कार्यालय के प्रारम्भ होने से क्षेत्र के 90 गांव के लोगों को भूमि पंजीयन, क्रय-विक्रय, ई-स्टाम्प एवं डिजिटाइजेशन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होने कहा कि आम जनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन कार्य को बेहतर और सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है, इसी कड़ी में उप पंजीयक कार्यालय शुभारम्भ किया गया है, इससे राजपुर तहसील के लोगों को भूमि क्रय-विक्रय में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

इस अवसर पर कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यालय के खुलने से राजपुर तहसील के 90 गांव लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि पहले रजिस्ट्री संबंधित कार्य के लिए वनांचलों में निवासरत गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों को लगभग 40 से 80 किलोमीटर की दूरी तय कर बलरामपुर आना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी दिक्कतें होती थी। राजपुर में इस कार्यालय के खुल जाने से लोगों के समय और श्रम दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के समीप आने से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी घट जाती है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ जनता को मिलता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यालय सप्ताह में दो दिन बुधवार एवं गुरूवार को संचालित होगी, जहां ऑनलाईन अपॉइंटमेंट लेकर भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्य कराया जा सकता है।






वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती उषा साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पंजीयन कार्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री संबंधित कार्यों को सरल करते हुए ऑनलाईन अपॉइंटमेंट की सुविधा प्रदान की है, जिसके माध्यम से लोग अपनी सुविधा अनुसार ऑनलाईन अपॉइंटमेंट लेकर निर्धारित तिथि को पंजीयक कार्यालय में उपस्थित होकर ऑनलाईन प्रोसेस के माध्यम से भूमि क्रय-विक्रय का कार्य कर सकते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजपुर श्रीमती अनिता बेक, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनिता जायसवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जयगोपाल अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री चेतन साहू, तहसीलदार श्री सुरेन्द्र पैकरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री विनोद जायसवाल, गणमान्य नागरिक श्री राजेन्द्र तिवारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित थे।

# पौनी पसारी निर्माण कार्य शुरू न होने पर पार्षद बैठेंगी आमरण अनशन पर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत प्रबंधन पर भेदभाव का आरोप लगा चयनित वार्ड क्रमांक 13 में आज तक पौनी पसारी योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू न होने से क्षुब्ध वार्ड पार्षद ने आज कलेक्टर को ज्ञापन देकर जिला संयुक्त कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है। जिला प्रशासन को अब वार्ड पार्षद द्वारा कार्य शुरू कराने 8 दिन का समय दिया है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती प्रियंका सिंह ने उल्लेख किया है कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना पौनी पंसारी का निर्माण प्रत्येक नगर पंचायतों में बनाया जाना है। जिसकी महत्ता के मद्देनजर सूरजपुर एसडीएम, बिश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष, सीएमओ एवं पार्षदों की उपस्थिति में बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित वार्ड क्रमांक 13 के व्यवस्थित चौक का चयन किया गया था। चयनित स्थल पर ठेकेदार द्वारा दो बार कार्य प्रारंभ भी कराया गया परन्तु राजनितिक द्वेष के कारण दोनों बार कार्य को बंद करा दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त संबंध में सन्दर्भित पत्रों के माध्यम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कार्यों के निर्बाध रूप से जारी कराने हेतु अनुरोध किया गया किन्तु आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस वजह से आज तक उक्त योजना का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। विदित हो कि सुरजपुर एसडीएम द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 13 में ही स्थल चयन भी कर लिया है एवं इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिश्रामपुर को 23 सितंबर 2022 को चयनित स्थल पर पौनी पंसारी का कार्य प्रारंभ करने एवं अन्य प्रायोजन पर रोक लगाने के संबंध में पत्र भी जारी किया है।नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर वार्ड क्रमांक 13 स्थित चौक में पौनी पंसारी योजना का निर्माण 7 दिवस के अंदर प्रारंभ कराने की मांग की गई है। कार्य प्रारंभ न होने पर वार्ड पार्षद द्वारा 8 वें दिन से जिला संयुक्त कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है।



# नपं के सांसद प्रतिनिधि ने किया पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के सासंद प्रतिनिधि व भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने नपं के वार्डों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा वार्ड नंबर 4 चोपडा़ कालोनी के आजाद ग्राउंड के पास पहले से बेहतर पुलिया को तोड़कर जो पुन~ करीब 11 लाख रुपए की लागत से पुलिया बनाया जा रहा है, में निरीक्षण के दौरान काफी लापरवाही पाया है। सांसद प्रतिनिधि श्री गुप्ता ने आरोप लगाया है कि नपं प्रबंधन द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त पुलिया निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत द्वारा 30-40 दिन से रास्ता बंद कर दिया गया है। जिस वजह से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बच्चों को स्कूल से लाने व लेजाने में अभिभावकों को भी काफी परेशानी हो रही है।



# चट्टीडांड व गोपालपुर में गहराया पेयजल संकट, प्रशासन की अनदेखी से प्रभावित ग्रामीणों में रोष

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भीषण गर्मी के मौसम शुरू होते ही पेयजल संकट गहराने लगी है। शासन-प्रशासन के कड़े निर्देशों के बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई पहल न किए जाने का खामियाजा आमजन को मैदानी स्तर पर भुगतने विवश होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा अब कुंभकर्णीय नींद सो रहे अधिकारियों को जगाने उग्र आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

जानकारी के अनुसार विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर के चट्टीडांड व गोपालपुर में पिछले 2-3 महीने से स्थानीय लोगों को पेयजल संकट के दौर से गुजरने विवश होना पड़ रहा है। शासन द्वारा गर्मी के मौसम शुरू होने स्व पूर्व ही अल्टीमेटम जारी कर पेयजल समस्या से निजात दिलाने की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके शासन के निर्देश का मैदानी स्तर पर कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि चट्टीडांड में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को मजबूरन पड़ोसी पंचायत तेलईकछार से पेयजल आपूर्ति करने विवश होना पड़ रहा है, जबकि गोपालपुर के लोगों को निजी बोर के भरोसे पानी की सुविधा उपलब्ध हो पा रही है। गोपालपुर के सभी हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं और नलजल की सप्लाई भी 2-4 घरों को छोड़कर अन्य लोगों के यहां नहीं पहुंच पा रही है। चट्टीडांड में लोगों को जब दूसरे पंचायत से पानी लेने जाने मजबूर होना पड़ता है तो कुछ लोगों द्वारा पानी देने से मना भी किया जाता है। साथ ही क्वारी में पर्यटन स्थल का निर्माण होने से यहां भी ग्रामीणों को पानी की सुविधा नहीं उपलब्ध हो पा रही, ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों को पानी के लिए भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा अब जल्द ही व्यवस्था में कोई सुधार न होने पर उग्र आंदोलन करते हुए मटकी फोड़कर विरोध दर्ज कराए जाने की बात कही जा रही है। ज्ञात हो कि शासन/प्रशासन के निर्देश केवल कागजों में ही सिमट कर रह जा रहे हैं और मैदानी स्तर पर लोगों को कोई लाभ मिलता नहीं दिखाई पड़ रहा है। इस संबंध में पीएचई विभाग के एसडीओ एसके मिश्रा ने बताया कि चट्टीडांड में बोर कराए जाने हेतु सप्ताहभर के भीतर व्यवस्था पूर्ण करा ली जाएगी, इसके बाद यहां पर पानी की कोई दिक्कत नहीं होगी। गोपालपुर के संबंध में अभी तक कोई सूचना नहीं मिली है, यदि समस्या है तो वहां पर भी जल्द ही सुधार कार्य कराया जाएगा।



## सीएम घोषणा शिक्षक दिवस भनसूली में 15 लाख का हुआ भूमिपूजन

**पाटन। छ.ग. फ्रंटलाइन।** पाटन ब्लाक के ग्राम भनसुली(के)में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने 15 लाख की स्कूल की मूलभूत सुविधाओं के लिए घोषणा किए थे।जिसका निर्माण कार्य शुभारंभ सीएम के प्रतिनिधि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,दिनेश साहू सभापति जप,रमन टिकरिहा सभापति जप,कमलेश वर्मा उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस,दिनेश साहू महामंत्री, डा केके साहू सेक्टर प्रभारी, पुरन साहू अध्यक्ष एसएमडीसी,सुंदर साहू के आतिथ्य में किया गया। सभी अतिथियों ने सीएम भूपेश बघेल के सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए सभी वर्गों के हित में हो रहे कार्यों की सराहना किए।सभी अतिथियों का आभार प्राचार्य धर्मेंद्र सिन्हा ने किया। इस अवसर पर तुलसी डहरिया सरपंच,कमलेश साहू उपसरपंच, हेमलाल साहू,राधा साहू, मंथीर साहू,सेवक देवांगन,नरेश देवांगन,महीप साहू, करण साहू,ओंकार देवांगन,अनिल टंडन सहित शिक्षकगण, पंचगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पर्यटन स्थल के पास दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर स्थित पर्यटन स्थल के पास दो मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केनापारा व जयनगर के मध्य स्थित पर्यटन स्थल के पास रविवार की शाम खलेबा मेंड्रा निवासी 20 वर्षीय मुकेश सोनपाकर पिता रामजीत ग्राम पंचायत खोपा से अपने मौसेरे भाई 16 वर्षीय सूरज पिता जुगेन्द्र के साथ बाइक में अपने ननिहाल ग्राम पंचायत पार्वतीपुर निवासी भरन के यहां जा रहा था। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर पर्यटन स्थल के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बाइक सवार मुकेश सोनपाकर की उपचार के दौरान जिला अस्पताल सूरजपुर में मौत हो गई जबकि बाइक सवार मौसेरा भाई सूरज को भो गंभीर चोट आई है।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर अदाणी फाउंडेशन ने चलाया शिशु महतारी जतन जागृति अभियान

**अंबिकापुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के उदयपुर विकासखंड में अदाणी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शिशु महतारी जतन जाग्रति अभियान की शुरुआत गत मंगलवार से की गयी। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन

### 200 से अधिक लाभार्थी हुए शामिल

निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के सामाजिक सहभागिता के तहत 10 ग्रामों के आंगनबाड़ी केंद्रों में अप्रैल 11 से 17 तक किया गया।

परसा ईस्ट केते बासेन के आसपास के ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चलाये जा रहे इस अभियान में ग्राम घाटबर्रा, साल्ही, हरिहरपुर, तारा, फतेहपुर, शिवनगर, परसा, जनार्दनपुर, बासेन और परोगिया की 200 से अधिक गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने, नवजात शिशुओं की माताओं को स्तनपान कराने का सही तरीका इत्यादि से सुरक्षित मातृत्व प्रदान करना है।




शिशु महतारी जतन जाग्रति अभियान में जीवाणु संक्रमण, त्वचा संक्रमण और मौसमी बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता के उन्मूलन के लिए स्वच्छ कपड़ों और स्वास्थ्यकर प्रथाओं के उपयोग की बातें बतायी गयी। साथ ही बच्चे के जन्म के बाद परिवार के लिए जरूरी चीजें, मां और बच्चों के लिए एहतियाती तौर-तरीकों, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) कार्यक्रमों के रूप में स्वास्थ्य और स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देना इत्यादि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शामिल हुई 185 शिशुवती माताओं को विशेष जच्चा बच्चा किट का वितरण संबधित ग्रामों के सरपंच तथा उपसरपंच की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और फील्ड स्टाफ के सहयोग एवं अदाणी फाउंडेशन की टीम के समग्र प्रबंधन में हुआ। आरआरवीयूएनएल की ओर से अदाणी फाउंडेशन द्वारा वैश्विक स्तर पर सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के सुझावों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन तथा अधोसंरचना के कई कार्यक्रम संचालित करता है। जिसके अंतर्गत सभी उम्र के लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति और भलाई से गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना है।

# चिटफंड कंपनी सर्वमंगला प्रापर्टीज लिमिटेड की संपत्ति हुई नीलामी

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** चिटफंड कंपनी सर्वमंगला प्रापर्टीज लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी बरपाली तहसील कार्यालय में हुई। जिससे 31 लाख रुपए जिला प्रशासन के खाते में आये। प्रशासन के द्वारा अब वसूली की राशि को निवेशकों को शीघ्र लौटाने की बात कही जा रही है। जो निवेशकों के लिए बड़ी राहत होगी। कम समय में राशि डबल करने सहित अन्य लालच देकर विभिन्न चिटफंड कंपनियों द्वारा जिले के हजारों लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा फ्राड चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टर की गिरफ्तारी व उनके संपत्ति को कुर्क कर नीलामी करने के बाद निवेशकों को उनके डूबे रकम को वापस करने की कार्रवाई की जा रही है। कोथारी गांव में चिटफंड कंपनी सर्वमंगला प्रापर्टीज लिमिटेड की जमीन थीए जिसकी नीलामी की गई। नीलामी में 8 लोगों ने बोली लगाई और 31 लाख रुपये में जमीन की नीलामी हुई। सर्वमंगला प्रापर्टीज लिमिटेड की संपत्ति तहसील बरपाली के अंतर्गत गाँव कोथारी में स्थित पहनं 11 भूमि खसरा नं124 रकबा 64 डिसमील में से 12 डिसमील जमीन एनएच 149 बी में अर्जित के उपरांतए बाकी बचे 52 डिसमील जमीन की नीलामी प्रक्रिया छग निक्षेपको के हित संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत किया गया।

नीलामी बोली में रुप नारायण वर्मा राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबाए नंद किशोर सिंह ठाकुर पोड़ी.बहार, झाड़ू राम कुर्रे कथरीमाल, सुन्दर लाल साहू खरहरी, सुनीता साहू कराईनारा, आंचल अग्रवाल निहारिका कोरबा, राज रानी अग्रवाल निहारिका कोरबा, विक्रम लांबा कोरबा ने हिस्सा लिया। सबसे ज्यादा बोली रुप नारायण वर्मा ने 31 लाख रुपये लगाई और जमीन अपने नाम की। नीलामी की रकम जिला प्रशासन के खाते में आ गई। प्रशासन ने अब वसूली की राशि को प्रक्रिया के बाद निवेशकों को शीघ्र लौटाने की बात कही है। जो निवेशकों के लिए बड़ी राहत होगी।

# जशपुर फ्लड लाइट अंतर्राज्यीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता में राउरकेला की टीम बनी चैम्पियन

## विजेता टीम को एक लाख रुपए और ट्राफी, उपविजेता को 51 हजार रुपए और ट्राफी का मिला ईनाम

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में भागलपुर यूथ क्लब के तत्वाधान में 2 अप्रैल से चल रहा जशपुर फ्लड लाइट अंतर्राज्यीय नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार देर रात को रंगारंग समापन हो गया है। पहली बार जशपुर के रणजीता स्टेडियम में दूधिया रोशनी में खेले गए फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच लोगों के सिर चढ़कर बोला। शनिवार रात को प्रतियोगिता का फायनल मैच देखने बहुत बड़ी संख्या में दर्शक देर रात तक रणजीता स्टेडियम में जुटे। जिला मुख्यालय जशपुर के रंजीता स्टेडियम में 2 अप्रैल से शुरू हुए जशपुर फ्लड लाइट रात्रि कालीन अंतर्राज्जीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का फायनल मैच एफसी राउरकेला उड़ीसा और तूफान क्लब पांडुल छत्तीसगढ़ की





टीमों के बीच खेला। पूरी प्रतियोगिता में सभी टीमों पर भारी पडने वाली एफसी राउरकेला उड़ीसा की टीम ने अपनी ख्याती के अनुरूप फायनल में भी बेहद आक्रमण और तेज रफ्तार के फुटबॉल के खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के आरंभ होते ही तूफान क्लब पांडुल के पोस्ट पर कई ताबड़तोड़ आक्रमण किए और टीम के युवा खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए पहले 15 मिनटों में ही दो गोल दाग दिए। पहले दोनो ही गोल राउरकेला टीम के जर्सी न. 8 रोहित बड़ा ने किया। मैच के दौरान तूफान क्लब पांडुल के खिलाड़ियों ने भी कई शानदार मूव बनाए पर उसे गोल में तब्दील करने में वो नाकाम रहे। मैच के अंत तक एफसी राउरकेला उड़ीसा की टीम ने अपना दबदबा कायम रखा और 4-0 से मैच जीतकर प्रतियोगिता का चैम्पियन होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का मैन ऑफ द मैच और फायनल का मैन ऑफ द मैच राउरकेला टीम के जर्सी न. 8 रोहित बड़ा को चुना गया। प्रतियोगिता की विजेता एफसी राउरकेला उड़ीसा की टीम को 1 लाख रुपए नगद और चैम्पियन की ट्राफी, तथा प्रतियोगिता की उपविजेता तूफान क्लब पांडुल की टीम को 51 हजार रुपए नगद और उपविजेता की ट्राफी प्रदान की गई।

# पुलिस वालों को मिलि सफलता व्यापारियों के निवास से पीकअप वाहन चोरी के मामले में 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 1 सहयोगी की तलाश जारी

## आरोपियों के कब्जे से चोरी किया हुआ पीकअप वाहन तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त

**■ थाना पत्थलगांव में आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12-13 अप्रैल 2023 की दरम्यानि रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी विनय कुमार अग्रवाल उम्र 47 साल निवासी पत्थलगांव का पीकअप वाहन क्र. सी.जी. 13 एल.ए. 0982 एवं अन्य प्रार्थी विकास रोहिला उम्र 37 साल निवासी पत्थलगांव का पीकअप वाहन क्र. सी.जी. 14 एम.एच. 3694 को चोरी कर ले गया है। उक्त दोनों प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में अप.क्र 112/23 एवं 113/23 धारा 457, 380 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग(भा.पु.से.) एवं उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरि पुलिस अधीक्षक जशपुर डी.रविशंकर (भा.पु.से.) द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव एवं थाना प्रभारी पत्थलगांव को टीम बनाकर प्रकरण के आरोपियों के संबंध में अविलंब पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। पतासाजी दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये प्रकरण के संदेही आरोपी अनिल पावले एवं कपूर मांझी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त दोनों चोरी की घटना को घटित करना बताये एवं चोरी किया हुआ पीकअप वाहन क्र.सी.जी. 14 एम.एच. 3694 को मदनपुर इंजको के जंगल में छुपाकर रखना एवं पीकअप वाहन क्र.सी.जी. 13 एल.ए. 0982 को टुकूपानी के जंगल में छुपाकर रखना बताने पर उक्त दोनों वाहन को जप्त किया गया है, साथ ही उक्त चोरी की घटना को घटित करने में प्रयुक्त मोटर सायकल को भी जप्त किया गया है। आरोपीगण (1) अनिल पावले उम्र 30 साल निवासी कपाटबहरी (तेंदुपारा) थाना सीतापुर जिला सरगुजा एवं (2)कपूर मांझी उम्र 27 साल निवासी पाकरगांव थाना पत्थलगांव के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें दिनांक 14.04.2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण का एक अन्य सहयोगी आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी जारी है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक भास्कर शर्मा, स.उ.नि. संतोष तिवारी, प्र.आर. 184 परमजीत सिंह, आर. कमलेष्वर वर्मा, आर. अजय खेस, आर. 558 तुलसी रात्रे, आर. शैलेन्द्र सिंह, आर. 384 आशीषन प्रभात टोप्पो, आर. 169 पवन पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण 19 अप्रैल को

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार निकट भविष्य में होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के आम निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु मतदान दलों के गठन किए जाने हेतु कर्मचारी डाटा बेस तैयार करने के लिए कर्मचारी डेटा प्रविष्टि साफ्टवेयर प्रदाय किया गया है। उक्त सॉफ्टवेयर में विभागवार प्रविष्टि संबंधित विभाग के द्वारा की जानी है। कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में सभी विभागों के तकनीकी कर्मचारियों के लिये 19 अप्रैल 2023 को प्रातः 11.00 बजे से प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंत्रणा सभाकक्ष जशपुर में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभाग और कार्यालय प्रमुख को विभाग में पदस्थ अधिकारी को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए संबंधित डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के साथ उपरोक्त प्रशिक्षण में अनिवार्यतः उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है, ताकि प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे।

# हाइवे पेट्रोल जशपुर की सक्रियता से एक बार फिर हाइवे पर दुर्घटना ग्रस्त घायलो को पहुंचाया गया अस्पताल

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** गौरतलब है कि हाइवे पेट्रोल जशपुर 24 घंटे पुलिस लगातार नेशनल हाइवे क्रमांक 43 पर ग्राम खटंगा थाना दुलदुला से ग्राम झरगांव थाना जशपुर तक कुल 30 किलोमीटर के दायरे में पेट्रोलिंग करती है इस दौरान हाईवे पट्रोलिंग टीम द्वारा एन एच 43 में यातायात



नियमों से संबंधित पम्प्लेट वितरण कर यातायात नियमों के संबंध में लगातार जागरूक किया जाता रहा है, जिससे कि सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके तथा गुड सेमेरिटन लॉ के संबद्ध में लोगों को जागरूक कर दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने हेतु आम नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है। हाइवे पेट्रोल टीम जशपुर द्वारा हाइवे पेट्रोल संचालन दिनांक से आज तक कुल 120 से अधिक हाइवे में दुर्घटना ग्रस्त घायलों को उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया गया है, जिससे कि समय पर उपचार होने से अधिकांश घायलों की जान बच सकी है।

व्यवस्था सुचारू रखते हुए दुर्घटनाओं एवं हाइवे पर होने वाले अपराधों पर नियंत्रण रखने हेतु निरन्तर प्रयास किया जाता रहा है,साथ ही दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जाता रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 15-04-2023 को हाइवे पेट्रोल जशपुर द्वारा पेट्रोलिंग दौरान शाम करीब 06.30 बजे लोरो बगीचा ,सरदार ढाबा के पास दुर्घटना ग्रस्त मोटर सायकल सवार महिला एवं सड़क पार कर रहे घायल बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक उपचार कर स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला पहुंचाया गया। उक्त कार्यवाही में हाइवे पेट्रोल टीम से प्रधान आरक्षक 313 अनुज एक्का,, आरक्षक 716 पवन चौहान , आरक्षक 699 दिलीप भगत की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। पेट्रोलिंग दौरान हाइवे के किनारे स्थित ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाकर तथा हाइवे में चलने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को यातायात

# युवती पर ईंट से किया जानलेवा हमला, लहूलुहान स्थिति में अस्पताल पहुंची और करने लगी हंगामा, हमलावर युवक पुलिस के शिकंजे में

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** नगर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। लगभग 4 बजे नगर के बालक शाला कुनकुरी के समीप एक युवती को युवक ने सर पर बेरहमी से पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों ने कुनकुरी पुलिस को सूचना दी जिसके बाद कुनकुरी पुलिस मौके पर पहूंची। घायल युवती को स्थानीय सहायता से अस्पताल ले जाया गया है जहां उसका ईलाज जारी है। घटना के बाद युवक मौके से भाग गया था लेकिन उसे भी नागरिकों की मदद से पकड़ लिया गया और पुलिस से थाने ले आई है। मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आज शाम 4 बजे शहर के बीचो बीच बालक शाला के बगल में नशे में धुत्त युवक एक युवती



को ईंट से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। घायल युवती को अस्पताल भेजा गया है वहीं हमलावर युवक को कुनकुरी थाने ले जाया गया है। आईजी सरगुजा के निर्देश पर बने पुलिस बीट व्हाट्सएप ग्रुप में घटना की सूचना मिलते ही एएसआई मनोज साहू, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक सन्तोष भगत, ओमप्रकाश भगत, निरोज कुजूर के साथ मौके पर पहुंचे। शासकीय बालक माध्यमिक शाला से लगे गली के रास्ते में एक युवती खून से लथपथ पड़ी हुई थी। वहां मौजूद शहर के मुख्य पुजारी मदन महाराज ने बताया कि रास्ते से गुजरते समय झुंड से चीखने-चिल्लाने की आवाज आई तो देखा कि एक लड़का एक लड़की को ईंट से उसके सिर पर मार रहा था। जिसे देखकर उन्होंने उसे रोकने के लिए आवाज दी। उसी समय और भी लोग उधर से गुजर रहे थे उन्होंने भी हल्ला मचाना शुरू किया। जिसे देखकर लड़का वहां से भाग निकला लेकिन मोबाइल वहीं छोड़ दिया। पुलिस इधर घायल लडकी को ऑटो से अस्पताल भेजी और शहर के युवा समाजिक कार्यकर्ता गोविंद शर्मा,रमन शर्मा,नीरज गुप्ता,पूरन गुप्ता हमलावर युवक को पकड़कर ले आये और पुलिस के हवाले किया। इधर थाना प्रभारी एल.आर.चौहान ने बताया कि युवक - युवती दोनों नशे में हैं। लडकी के सिर पर गम्भीर चोट है। जिसे इलाज के लिए जशपुर रेफर किया गया है।वहीं ईंट से मारनेवाला युवक भी नशे में है। जो अपना नाम अमृत किस्पोट्टा पिता मुक्ति किस्पोट्टा उम्र 27 वर्ष निवासी जामटोली, कुनकुरी बता रहा है।घटना पर कार्रवाई की जा रही है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जशपुर जिले के बागबहार में नागरिकों ने सद्भावना रैली निकालकर भाईचारा का दिया संदेश दिया

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गई है, पुलिस महानिदेशक व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बागबहार में सद्भावना रैली निकाली गई, रैली में तहसीलदार सुश्री कलावती सिंह और थाना



प्रभारी व्ही एन शर्मा की अगुवाई में थाना परिसर से आज सद्भावना रैली निकाली गई, रैली में सर्व समाज के साथ स्थानीय व्यापारियों, कर्मचारियों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहे। सर्व समाज की रैली में सभी वर्ग को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके सुख दुख में कदम से कदम मिलाकर साथ खड़ी रहेगी और नागरिकों से भी अपील की गई कि प्रशासन के साथ अपनी सहभागिता निभाते हुए नगर में शांति व्यवस्था कायम रखें।इसके पश्चात प्रशासन के दल बल के साथ भारी संख्या में नागरिकों ने नगर की तीनो प्रमुख सड़कों पर सद्भावना यात्रा रैली निकालकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।सद्भावना यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई लोग इसमें जुड़ते गए। तहसीलदार ने इसका उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आज समाज को प्रेम और आपसी मेलजोल की जरूरत है नफरत की नही। यह यात्रा प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ निकाली गई, आज जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस, पत्रकारगण व सर्व समाज के वरिष्ठजनों द्वारा शहर व क्षेत्र में सौहाद्रपूर्ण वातावरण स्थापित रखने के लिए सद्भावना रैली निकाली गई।

# संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं मे प्रवेश हेतु तीन केन्द्रों में परीक्षा सम्पन्न, 116 सीट के लिए परीक्षा में बैठें 1941 परीक्षार्थी

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 116 सीटों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 16 अप्रैल को जिला मुख्यालय में तीन केन्द्रों में सम्पन्न हुई। जिसमें कुल 1941 परीक्षार्थी परीक्षा दिये। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय जशपुर में कांसाबेल, बगीचा, पत्थलगांव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प पत्थलगांव में आवेदन पत्र जमा करने वाले 871 परीक्षार्थी बैठें। इसी तरह





स्वामी आत्मांनद नवीन आदर्श उ.मा.विद्यालय जशपुर केन्द्र में फरसाबहार, जशपुर, मनोरा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प जशपुर में आवेदन पत्र जमा करने वाले 726 परीक्षार्थी बैठें। परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.विद्यालय गम्हरिया में दुलदुला, कुनकुरी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प कुनकुरी में आवेदन पत्र जमा करने वाले 344 परीक्षार्थी बैठें। परीक्षा का आयोजन आज प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक हुआ। परीक्षा उपरान्त केन्द्र में ही मूल्यांकन कार्य सम्पादित किया गया एवं शाम को परीक्षा परिणाम केन्द्र के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। कांऊसलिंग के लिए अलग से सूचना दी जायेगी। नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 03 बालक एवं 02 बालिका पहाडी़ कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 18 छात्र एवं 18 छात्राओं , संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं ,को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटी ,नीट परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदाय की जाती है। प्रवेश पत्र बिना प्रवेश परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी । प्रवेश परीक्षा उपरान्त उसी दिन प्राप्तांक की जानकारी परीक्षा केन्द्रो के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है । प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर तैयार की जायेगी । तत्पश्चात् पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को कांउसलिंग के लिए बुलाया जायेगा । परीक्षा परिणाम की जानकारी जशपुर जिले के वेबसाईट https://jashpur.nic.in में देखी जा सकती है।


न्यायालयः- व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1, सूरजपुर, जिला -सूरजपुर छ0ग0

पीठासीन अधिकारी-आंनद कुमार सिंह

प्रो.नं. 242/23

उत्तराधिकार प्रकरण क्र0-24/2021

आदेश दिंनाक-28.3.2023

आगामी पेशी तिथि-9.5.2023

सुनिता टोप्पो पत्नि स्व0 फिलिप टोप्पो, उम्र लग0 42 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी नगर पंचायत-प्रेमनगर, थाना, तह0-प्रेमनगर, जिला-सूरजपुर छ0ग0

आवेदिका

प्रति,
अमन आ0 स्व0 फिलिप टोप्पो वगै0 एवं समस्थ आम जनता

ईश्तहार

यह कि इस ईश्तहार जरिये सूचित किया जाता है, कि आवेदक के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मृतक स्व0 फिलिप टोप्पो, शासकीय स्वास्थ केन्द्र, प्रेमनगर में चौकीदार के पद पर पद्स्थ था, जिससे उसकी मृत्यु उपरांत विभिन्न मदो से प्राप्त राशि 5,00,000/-रू0(पॉच लाख रू0) एवं अन्य मदो से प्राप्त होने वाली राशि साथ ही अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा- 372 भा0उ0अधि0- 1925 के तहत आवे. दन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी आगामी सुनवाई दिंनाक -09. 0502023 को नियत की गयी है। अतः जिस किसी भी को प्रकरण में कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष ठीक 11.00 बजे आगामी पेशी 09.05. 2023 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तत कर सकता है, जिसके पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यदि उक्त कार्य दिवस पर कोई शासकीय अवकाश हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगामी दिवस की जायेगी।

आंनद कुमार सिंह
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)

क्रमांक/ वाचक-1/व्यपवर्तन/2023

पत्थलगांव, दिनांक 14.04.2023

उदघोषणा

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम बागबहार प.ह.नं. 27, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति राजकुमारी पति श्री प्रभात कुमार निर्मल जाति उरांव, निवासी ग्राम बसंतपुर तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बागबहार प.ह.नं. 27 स्थित ख. नं. 558/2, 558/5 रकबा 0.080, 0. 093 हें0 में से 0.030, 0.030 आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1, एवं राजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले कि सुनवाई दिनांक 10.05.2023 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी पत्थलगांव,
जिला जशपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीता कुजूर पत्नी अनिल कुजूर जाति उरांव, निवासी ग्राम/नगर फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित- ग्राम फुन्दुरडिहारी, तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 62/2 रकबा 0.040 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवे. दन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 27.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12.04. 2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील परतापपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र..................

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गयानन्द आ0 राम प्रसाद जाति रजवार, निवासी नगर पंचायत जरही, वार्ड नम्बर 03, उप तहसील जरही, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र राजकुमार राजवाडे आ0 गयानन्द का जन्म दिनांक 21.07.1989 को नगर पंचायत जरही, में होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः इसमें किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 24. 04.2023 तक इस न्यायाल में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12.04. 2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही, प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

# चीन पर मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति

बेशक, ऊंची व जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में युद्ध करने का भारतीय सेना का अनुभव समृद्ध रहा है। लेकिन जिस तरह चीन ने पिछले दिनों लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास किया, उसके मद्देनजर युद्धाभ्यास के जरिये चीन को चेताना जरूरी हो गया था। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में नंबर एक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा चीन लगातार अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार देता रहा है। इसी कड़ी में वह भारत के आसपास के छोटे देशों में धनबल-छलबल से अपने कूटनीतिक हितों का विस्तार करता रहा है। दशकों से चीन के पिट्ठू रहे पाकिस्तान में बन रहे महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे के जरिये भी चीन भारत के लिये नई चुनौती पैदा कर रहा है। 1962 के भारत-चीन युद्ध में वायुसेना का समय पर इस्तेमाल न करने की चूक से मिली शिकस्त से सबक लेते हुए भारत ने पूर्वी क्षेत्र में साझे रूप से सामरिक एयरलिफ्ट का अभ्यास किया। विमानों व मारक हेलीकॉप्टरों के जरिये जटिल पहाड़ी इलाकों में लैंडिंग और ड्रॉपिंग का अभ्यास किया गया।

*जिस तरह चीन ने पिछले दिनों लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास किया, उसके मद्देनजर युद्धाभ्यास के जरिये चीन को चेताना जरूरी हो गया था। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दुनिया में नंबर एक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा चीन लगातार अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को विस्तार देता रहा है।*

दरअसल इस अभ्यास का मकसद अधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में सेना व वायुसेना के तालमेल का मूल्यांकन करना था। ताकि युद्ध की स्थिति में विशेष सैन्य बल तीव्र गति के साथ हमला कर सकें। हाल में भूटान के प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय हितों को ताक पर रखकर डोकलाम पठार पर चीनी प्रभुत्व के बाबत की गई टिप्पणी ने भारत को सजग किया है। यही वजह है कि पिछले दिनों चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल अनिल चौहान ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी इलाकों व सिक्किम में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा करके बुनियादी ढांचे के विकास, परिचालन व रसद तैयारियों की समीक्षा की थी। भारत सजग हुआ कि यदि भूटान अपने उत्तरी क्षेत्रों को बनाये रखने के लिये डोकलाम पठार पर चीन के अधिकार को स्वीकारता है तो इससे उत्तरी बंगाल में संवेदनशील सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिये चुनौती पैदा होगी, जो उत्तर-पूर्वी राज्यों को भारत की मुख्यभूमि से जोड़ता है।

**वैदिक विचार** –स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

# आज का राशिफल

**मेष राशिफल :** आज आप बच्चों के साथ धैर्यता के साथ व्यवहार करें, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और आपका मान-सम्मान भी करेंगे. कई प्रकार के खर्चों का भी समय है परंतु आप मैनेज कर लेंगे. अपनों के साथ मनोरंजन, शॉपिंग आदि में भी समय व्यतीत होगा. रिश्तेदारों के साथ व्यवहार करते समय सावधानी बरतें.

**वृषभ राशिफल :** आज आप अपनी चतुराई द्वारा किसी समस्या का समाधान पाने में सक्षम रहेंगे. जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए या अटके हुए थे, आज अल्प प्रयास से ही पूरे होने की संभावना है. किसी रिश्तेदार द्वारा शुभ समाचार मिलने से खुशी मिलेगी. कुछ ऐसे खर्चे सामने आ सकते हैं कि जिन पर कटौती करना भी संभव नहीं है.

**मिथुन राशिफल :** आज किसी प्रेरक व्यक्ति से मुलाकात होगी. और महत्वपूर्ण तथा ज्ञानवर्धक जानकारियां भी मिलेगी. आपको मानसिक शांति रहेगी. तथा दैनिक व रोजमर्रा के कार्य भी यथावत चलते रहेंगे. सरकारी मामलों में बहुत देर सचेत रहने की जरूरत है. किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास ना करें.

**कर्क राशिफल :** आपके रुके हुए आज शुरू हो सकते हैं. समय आपको कई तरह की उपलब्धियों में व्यस्त करने वाला है. घर में धार्मिक आयोजन संबंधी योजना बनेगी. साथ ही परिवारिक लोगों के साथ भी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा. आज किसी तरह की यात्रा को स्थगित रखना ही ठीक रहेगा.

**सिंह राशिफल :** युवा लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहें, जल्दी ही कोई शुभ समाचार भी मिलने वाला है. प्रॉपर्टी से संबंधित मुद्दे पर चल रहे विचार विमर्श में सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे. आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष तौर पर अनुकूल रहेगा. परंतु इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय ना लें.

**कन्या राशिफल :** घर के बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा. कुछ समय धार्मिक, सामाजिक संबंधित गतिविधियों में व्यतीत करें. इससे आत्मिक व मानसिक शांति प्राप्त होगी. आर्थिक मामलों में भी निवेश करने के लिए दिन अच्छा है. कभी-कभी आपका शक का स्वभाव आपके व परिवार दोनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर देता है. वक्त के अनुसार खुद में भी बदलाव लाना जरुरी है.

**तुला राशिफल :** आज कोई सपना साकार होने से मानसिक रूप से सुकून रहेगा. समय बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसका भरपूर सहयोग करें. अगर कोई नया मकान या प्रॉपर्टी लेने की सोच रहे हैं तो आपका निर्णय बहुत ही उचित है.

**वृश्चिक राशिफल :** घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी काम की अधिकता रहेगी, परंतु आप पूरे मनोयोग और उर्जा से उन्हें संपन्न करने में सक्षम भी रहेंगे. किसी नजदीकी व्यक्ति की मुसीबत में उसका सहयोग करने से आत्मिक खुशी मिलेगी. अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर रखें.

धनु राशिफल : समय की गति आपके पक्ष में है. परंतु इसका सदुपयोग करना है आपकी योग्यता पर भी निर्भर करता है. इस समय में मुश्किल से मुश्किल सवाल का भी जवाब आसानी से मिल सकता है. दोस्तों के साथ भी खुशनुमा समय गुजरेगा.

**मकर राशिफल :** कोई कोर्ट केस अथवा प्रॉपर्टी से संबंधित कोई रुके हुए काम का फैसला आपके हक में हो सकता है. जिससे आपको चल रहे बहुत अधिक मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी. रिश्तेदार के किसी विवाद पूर्ण मामले में आपकी उपस्थिति निर्णायक रहेगी. आपकी बुद्धिमानी व सूझबूझ की तारीफ भी होगी. अपनी योजनाओं को किसी के समक्ष शेयर ना करें. वरना कोई इनका अनुचित फायदा भी उठा सकता है.

**कुंभ राशिफल :** घर-परिवार के सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की ऑनलाइन शॉपिंग में मजेदार समय व्यतीत होगा. पारिवारिक सदस्यों की सुविधाओं का ध्यान रखने में आज आपका पूरा समर्पण रहेगा. आपके पर्सनल काम भी सुचारू रूप से संपन्न होंगे. आपकी किसी लापरवाही अथवा आलस की वजह से कोई खास काम अधूरा रह जाएगा.

**मीन राशिफल :** आपके लिए अनुकूल ग्रह गोचर चल रहा है. आप किसी भी परिस्थिति में अपने कार्य को पूरा करने की क्षमता रखेंगे. समाज तथा परिवार में मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा में इजाफा होगा. किसी विशेष प्रयोजन को लेकर यात्रा संभव है.

# मौसम-माहौल में बदलाव से उपजी विकट स्थिति

**हर गुजरता साल हमारे कृषि क्षेत्र की नाजुकता दर्शाने लगा है, जिसको आज की तारीख में बदलते मौसम से और अधिक खतरा होने लगा है। उत्तर भारत में इस साल रबी का मौसम अजीब रहा, पहले 2022-23 में अधिकांश समय सूखा रहा तो मार्च में बहुत अधिक बारिश देखी। एक तो सूखे ने फसलों की वृद्धि को लगाम लगा दी, फिर बारिश और तेज-हवा-ओलावृष्टि ने जमीन पर बिछा डाला, जिससे अन्न की गुणवत्ता और मात्रा खराब हुई है।**



गुरबचन जगत
लेखक मणिपुर के पूर्व राज्यपाल हैं।

कभी बैसाखी का आना खुशियों का मौसम हुआ करता था, परिपूर्णता और गतिविधियों से लबरेज़। यह वर्ष 1699 में बैसाखी का दिन था जब खालसा पंथ का जन्म हुआ था। मशीनीकरण होने से पहले, कृषि कार्य निरोल रूप से मानवीय श्रम आधारित थेङ्क बुवाई, कटाई, बालियों से दाने अलहदा करना, निकले दाने संभालना। फिर किसान उत्पाद लेकर मंडी जाते और मंडियां आढ़तियों, विक्रेता-खरीदार की गतिविधियों से गुलजार हो उठती। पैसा हाथ बदलता और किसान एवं व्यापारी अपने-अपने घर को खनकती जेबें और बच्चों के लिए उपहार लेकर जाते। यह समय होता भांगड़ा डालने और अन्य आमोद-प्रमोद गतिविधियों का, बशर्ते मौसम और भगवान मित्रवत्? हों।

हालांकि हर गुजरता साल हमारे कृषि क्षेत्र की नाजुकता दर्शाने लगा है, जिसको आज की तारीख में बदलते मौसम से और अधिक खतरा होने लगा है। उत्तर भारत में इस साल रबी का मौसम अजीब रहा, पहले 2022-23 में अधिकांश समय सूखा रहा तो मार्च में बहुत अधिक बारिश देखी। एक तो सूखे ने फसलों की वृद्धि को लगाम लगा दी, फिर बारिश और तेज-हवा-ओलावृष्टि ने जमीन पर बिछा डाला, जिससे अन्न की गुणवत्ता और मात्रा खराब हुई है।

हालांकि खेती का अब काफी हद तक मशीनीकरण हो चुका है लेकिन कम्बाइन मशीनें, जिन पर किसान कटाई के लिए काफी निर्भर हैं, वह बिछी फसल में कारगर नहीं रह पातीं, तब कटाई हाथों से करनी पड़ती है। लेकिन इससे कटाई मजदूरों की कमी बन जाती है और मेहनताना अचानक बहुत बढ़ जाता है। कुल मिलाकर यह साल किसान के लिए हारा हुआ खेल है, मंडियों में बारिश से खराब हुए दाने की खरीद आसानी से नहीं हो पाएगी।

मुझे पक्का यकीन है, सदा की भांति, चांद-सितारों का वादा करते राजनीतिक नेतृत्व ने अपना कहा पूरा नहीं कर दिखाया होगा। वर्ना अब तक तो किसानों, मंडियों और खरीदार एजेंसियों तक व्यवस्थित इंतजाम बनाने और ठोस धरातल पर परिणाम प्राप्त करने हेतु निगरानी के लिए विधायक, मंत्री और नौकरशाह अंदरूनी ग्रामीण अंचल पहुंच चुके होते। सतह के ऊपर, यह काम न्यूनतम प्रतिक्रियात्मक प्रक्रिया वाला हो सकता था लेकिन काफी देर बाद में नींद खुलने पर क्रियान्वयन करने और खेती के लिए एक अधिक सोच-विचार युक्त रवैया रखने के बारे में क्या कहें? मौसम में बदलाव



अब एक हकीकत है, यह भूमिगत जल की सतह बहुत नीचे चले जाने और मिट्टी की गुणवत्ता का ह्रास जितना यथार्थ है। यहां अपने स्वास्थ्य की बात क्या करें, गेहूं-चावल का अनवरत फसली चक्र, जिसके उत्पादन में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग होता है, वह हमारे लिए कितना लाभप्रद होगा?

आज न केवल हाथ से होने वाली बिजाई बीते दिनों की बात हो चुकी है बल्कि परम्परागत फसलें जैसे कि चारा, मोटा अनाज, मूंगफली और दालों के पुश्तैनी बीज भी हम गंवा चुके हैं। पुराने वक्त का फसल-चक्र हरित क्रांति और देश की खाद्यान्न निर्भरता बनाने की भेंट चढ़ गया। आज किसानी को टिकाऊ बनाने के लिए एक नई योजना की ओर मोड़ने की जरूरत है। अफसोस कि यह योजना कभी न बन पाई और किसान को अकेले पड़कर, अपना हल जोतते रहना पड़ रहा है और हम यानी लोगों को उस विविधतापूर्ण अन्न से महरूम रहना पड़ रहा है जो हमारी धरती मां हमें देना चाहती है। हमारे मेज पर लगे खाने की गुणवत्ता चाहे-अनचाहे खेत और खेती से जुड़ी है, इसको हम अपनी खुद की और भावी नस्लों के स्वास्थ्य की कीमत पर नज़रअंदाज कर सकते हैं।

बैसाखी कभी वह मौसम था जब तमाम आस्थावानों की भारी संख्या गुरुद्वारों और मंदिरों का रुख करती। यह तीर्थयात्रा सरीखे होते और हवा में संयुक्त रूप से खुशियां मनाने की खुशबू जुड़ जाती। इन पवित्र स्थानों की ओर जाती सब राहों पर जगह-जगह लंगर लगते, जहां पर स्वयंसेवक आपको रुककर लंगर ग्रहण करने की मनुहार करते। अब तो त्योहार कोई भी हो, वह पहले-सा जिज्ञासापूर्ण कौतूहल नहीं रहा, जो कभी हुआ करता था। अब तो उलटे इनकी आमद से आशंका पैदा होती है। किसी भी बड़े त्योहार आने से पहले, पुलिस-प्रशासन द्वारा चौकसी बरतने के परामर्श जारी होने लगते हैं, चेतावनियां जारी होती हैं, पुलिस बल फ्लैग मार्च करते हैं। कुछ जगहों पर, हिंसा हो जाती है, मामले दर्ज होते हैं और कुछ शरारती तत्वों की धरपकड़ होती है। परंतु इस हिंसा के सूत्रधारों का क्या, इनके पीछे के अदृश्य हाथों का क्या? जहां तक मेरी याद?दाश्त है, आजादी के बाद, सैकड़ों की संख्या में हुए दंगों में शायद ही कभी कोई बड़े नेता को या समूह को पकड़ा गया हो। जांच आयोग बिठा दिए जाते हैं, जिनकी दी रिपोर्टें सत्ता के गलियारों में धूल फांकती हैं या फिर उन गुप्त तिजोरियों में दफन कर दी जाती हैं जहां कभी दिन की रोशनी नहीं पहुंचती। इस किस्म की जांचें सामान्यतः दंगों के कारणों को खोज निकालती हैं और भविष्य के लिए एहतियाती उपाय भी सुझाती हैं। जिन प्रसंगों में हालत दियासिलाई की एक तिल्ली यानी एक नारे से अचानक विस्फोटक बन जाते हैं, उसके पीछे अवश्य ही पहले से चले आ रहे कुछ कारण होते होंगे।

वहीं दूसरी ओर सरकारें, त्योहारों से जुड़े दंगे-फसादों से निपटने में ज्यादा मशगूल लगती हैं, खासकर जुलूसों के दौरान भड़की हिंसा में, जिसमें दंगा भड़काने वाले एजेंट अराजकता को उकसाते हैं, जैसा कि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, बिहार इत्यादि में देखा गया।

पंजाब के क्षितिज पर एक नया खतरा मंडराने लगा है। एक संगठन जिसका कुछ महीने पहले तक वजूद तक नहीं था, वह समाचारों की सुर्खियां और राजनीतिक चर्चाओं के ध्यान का केंद्र बना है। इस तथाकथित आंदोलन, संगठन, इसकी सदस्यता और नेतृत्व के पीछे के मूल स्रोत को लेकर लोगों को भरोसे में लेना बाकी है।

यह जानना भी जरूरी है कि आखिर इसके लिए आर्थिक मदद आ कहां से रही है? शस्त्र, यदि कोई है तो वे कहां से आए? इन सभी सवालों के जवाब फौरी तौर पर देना लाजिमी है वर्ना हर तरह की अफवाहें गर्म रहेंगी। तफ्तीश में पुलिस ने सैकड़ों युवाओं को उठाया और छोड़ा भी है तो कुछ को असम स्थित जेल भेजा गया है।

उनकी पूछताछ में क्या निकला? आखिरकार, उस नेता का क्या जो पुलिस से भागा-भागा फिर रहा है और ऐसा क्यों लग रहा है कि पुलिस भी इस चूहे-बिल्ली के खेल का मजा ले रही है? वह भगोड़ा देखा हर जगह गया लेकिन पकड़ा फिर भी नहीं जा रहा। इन तमाम सवालों के जवाब देने की जरूरत है क्योंकि घटनाओं पर नज़र रखने वाले किसी आम जन के लिए जो कुछ पंजाब में हो रहा है वह कोई बड़ा आंदोलन लगता नहीं। अधिसंख्य जनता का बड़ा भाग कटाई में व्यस्त है। जो काम कम-से-कम सरकार कर सकती है, वह है, तमाम राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों की बैठक बुलाना, उन्हें भरोसे में लेना और जो भी समस्या भविष्य को लेकर भांप रही है, उससे निपटने में उनके सहयोग की अपील करना। गेहूं की कटाई से लेकर सूबे के सिर मंडराते खतरे तकङ्कखुशियों और समृद्धि का त्योहार एक विकट मामला बनकर रह गया है।

## किसने क्या कहा...



"विधानसभाओं और संसद में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया जाना चाहिए :एच. डी. देवेगौड़ा

पुलवामा को लेकर जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयान पर केंद्र सरकार को जवाब देना चाहिए :भूपेश बघेल



अथाह संपत्ति के आधार पर चुना गया कांग्रेस का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार : शिवराज सिंह चौहान





मुझे टिकट न देने का असर कर्नाटक में 20-25 सीटों पर पड़ेगा : जगदीश शेट्टार"

## कार्टून...




# तुम्हें महसूस करना चाहता हूं...



सतपाल
व्यंग्य

एक मशहूर शायर के अल्फाज़ हैं---- नहीं ऐसा नहीं, तुम्हें देखा नहीं है, तुम्हें महसूस करना चाहता हूं। किसी को व्यक्तिगत रूप से देखने और महसूस करने में बहुत फर्क होता है क्योंकि किसी को कुछ समय के लिए देखने की याददाश्त स्मृति पटल पर कुछ पल या मिनट की रहती है, जबकि महसूस करने की यादाश्त बरसों तक ज़िंदा रहती है। इस आधुनिक काल में, विशेषरूप से चुनावी मौसम में स्मृति को कम से कम मतदान के अंतिम क्षण तक लाइव बनाए रखना बेहद ज़रूरी हो जाता है। अब राजनेताओं को यह तय करना होगा कि वह किसी एक वोटर को देख कर उसे अपनी यादाश्त में कब तक लाइव रखना चाहते हैं या फिर उसे महसूस करने के बाद बरसों तक, अपने स्मृति पटल पर उसके साथ बिताए पलों को सजीव रखना चाहते हैं। महसूस करने पर उन पलों को जीवंत रख कर सहेजना सचमुच मात्र देखना उतना सही और फायदेमंद नहीं होता है।

चुनाव का मौसम भले ही एक महीने के आस-पास होता है, लेकिन लगभग दस महीने पहले से ही मतदाताओं को अपना गॉडफादर मान कर उसे किसी न किसी तरह रिझाने की अलग अलग किस्म की कोशिशें शुरू कर दी जाती हैं। यह तो सत्य है कि मतदाता को रिझाने के लिए उसे अपनी नज़रों में सहेज लेना या फिर महसूस करके उसे बरसों तक के लिए स्मृति पटल में जीवंत रखना एक मार्डर्न और किफायती तरीका है। हर तरह के संभावित उम्मीदवार अब ऐसे तरीकों का उपयोग कर रहे हैं जबकि बड़े लीडर अपनी क्षमता की परवाह किए बगैर इन तरीकों का भरपूर उपयोग करते हैं। ये तरीके भेड़- चाल की तरह तेज़ी से पापुलर हो रहे हैं। इसका कारण यह है कि उम्मीदवार सबसे पहले अपनी प्रारंभिक बढ़त बना लेने के इच्छुक होते हैं। ये तरीके छोटे से छोटे तथा बड़े से बड़े चुनाव में मुफीद साबित होंगे।

एक खुफिया जानकारी मिली है कि केन्द्र सरकार के मंत्रियों ने इन तरीकों की आज़माइश शुरू कर



दी है और वे एक दूसरे मंत्रियों के प्रयासों की नकल करने से भी गुरेज़ नही कर रहे। बड़े बड़े केन्द्रीय मंत्रियों ने इस काम को लार्ज स्केल पर करने का दृढ़ निश्चय भी कर लिया है। जब कुछ सीनियर मंत्रियों ने मतदाताओं को निजी रूप से देखने का सिलसिला तेज़ किया तो माननीय बड़े साहब ने अपने विश्वस्नीय लोगों से मामले की स्टडी कर देखने और महसूस करने के फायदों का तुलनात्मक विवरण तेज़ी से तैयार करने को कहा है। उन्होंने इस स्टडी को सीक्रेट रखने को भी कहा है। यह भी पता चला है कि बड़े साहब इस मामले को लेकर कई बार दरियाफ्त कर रहे हैं । विश्वस्नीय लोगों ने तुलनात्मक विवरण देने के लिए दो दिन का और समय मांगा है। जब बड़े साहब को स्टडी का तुलनात्मक विवरण मिला तो उन्होंने विश्वस्नीय टीम से दो दिन बाद निश्चित समय पर मिलने को कहा । बड़े साहब ने शायद अध्ययन के लिए दो दिन के समय का सदुपयोग करने का मन बनाया होगा। दो दिन बाद बड़े साहब ने कहा कि आप लोगों को इस प्रोजेट में आखिरी समय तक काम करना होगा और मेरे साथ हुई प्रत्येक मीटिंग के मिनट बनाने होंगे। उन्होंने बताया कि मुझे जो विकल्प चुनना है, उसका निर्णय मेरे मन में है। इस काम को शीघ्र शुरू किया जाएगा और ज़रूरत पड़ने पर मैं आप लोगों को बुला लूंगा। बड़े साहब ने उसी रात ग्यारह बजे से ऐसे नगर में मतदाताओं को सपने में जा कर जगा कर संपर्क करना शुरू किया जहां कड़े से कड़ा मुक़ाबला संभावित है। वे एक क्षण भी व्यर्थ नहीं करना चाहते। एक रात में उन्होंने एक हज़ार लोगों से उन्हें जगा कर मतलब की बात की और जहां ज़रूरी समझा, उस संवाद की रिकॉर्डिंग अपनी निगाहों में सेव कर ली। उन्होंने अच्छी तरह सही तरीके से उन पलों को बरसों तक के लिए संरक्षित रख लिया। अपनी टीम को बुला कर संदेश दिया कि आप हर दूसरे दिन आकर मेरे से इनपुट ले जाएं और मैं यह बता दूंगा कि विश्लेषण किस तरह किया जाना है। बड़े साहब ने दस माह के भीतर तमाम जरूरी नगरों में सपने में रात्रि भ्रमण करने का कार्यक्रम बना लिया है ताकि काम पूरा किया जा सके। शायद उन्हें ये स्पष्ट हुआ है कि देखने से बेहतर सही तरीके से महसूस करना अधिक प्रभावी और उपयोगी एक्ससर्साइज़ होगी।

## उपदेश

श्रीराम के जीवन से हमें कई संदेश मिलते हैं। जिन्हें अपनाने से हमारा जीवन सफल हो सकता है। मित्रता के संबंध में हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ये श्रीराम और सुग्रीव से सीख सकते हैं। रामायण में रावण ने सीता का हरण कर लिया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज कर रहे थे, तब उनकी भेंट हनुमानजी से हुई। हनुमानजी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे को अपनी-अपनी परेशानियां बताईं। श्रीराम और सुग्रीव, दोनों ने एक-दूसरे की परेशानियों में मदद करने का वचन दिया। सुग्रीव की समस्या दूर करने के लिए बालि वध जरूरी था। श्रीराम ने पेड़ के पीछे छिपकर बालि का वध कर दिया और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बना दिया। श्रीराम की मदद से सुग्रीव को उनकी पत्नी तारा भी मिल गई। श्रीराम को बालि वध की वजह से कई बुराइयां भी झेलनी पड़ी, लेकिन उन्होंने मित्र की भलाई के लिए उन बुराइयों को भी स्वीकार किया। सुग्रीव को जब राजपाठ और पत्नी फिर से मिल गए तो वह श्रीराम को दिया गया वचन भूल गया। सुग्रीव राजसी सुख-सुविधाओं का आनंद उठाने में व्यस्त हो गया। काफी समय बीतने के बाद जब सुग्रीव वापस नहीं आया तो श्रीराम ने लक्ष्मण को भेजा। लक्ष्मण ने जब गुस्सा किया तो सुग्रीव को अपनी गलती का अहसास हुआ। सुग्रीव ने श्रीराम से क्षमा मांगी और फिर इसके बाद वानर सेना की मदद से सीता की खोज शुरू हो सकी। श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता से हमें ये सीख मिलती है कि मित्र के दुख दूर करने के लिए हर संभव मदद करनी चाहिए। कभी भी मित्र को दिए वचन को भूलना नहीं चाहिए।

*श्रीराम के जीवन से हमें कई संदेश मिलते हैं। जिन्हें अपनाने से हमारा जीवन सफल हो सकता है। मित्रता के संबंध में हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ये श्रीराम और सुग्रीव से सीख सकते हैं। रामायण में रावण ने सीता का हरण कर लिया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज कर रहे थे, तब उनकी भेंट हनुमानजी से हुई।*



## रितेश-जेनेलिया की 'वेड' थिएटर के बाद अब ओटीटी पर धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** अभिनेता रितेश देशमुख और अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की सुपरहिट मराठी फिल्म 'वेड' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि फिल्म 'वेड' हिंदी भाषा में भी स्ट्रीम होगी। रोमांटिक ड्रामा 'वेड' को सिनेमाघरों में दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। अब वह ओटीटी के जरिए फैंस का दिल जीतने आ रही है।

'वेड' अभिनेता रितेश देशमुख के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म ने भारत में 10 करोड़ रुपये की कमाई के साथ बहुत ही मजबूत ओपनिंग वीकेंड हासिल किया था, जो किसी भी मराठी फिल्म के लिए सबसे ज्यादा है। मार्च में 'वेड' ने अकेले भारत में 61 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। इसकी दुनिया भर में कमाई 73 करोड़ रुपये है।

लाइफ Style

## पलक तिवारी अपने रिश्ते पर दिया हिंट



चर्चित अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी वैसे तो अक्सर अपने लुक्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। लेकिन इस समय वह अपनी आगामी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने जा रहीं पलक यूं तो इंटरनेट पर छाई रहती हैं, लेकिन इस वक्त आए दिन सोशल मीडिया पर उनकी जिस बात जिक्र है वह अभिनेत्री का इब्राहिम अली खान संग अफेयर का है।

**मुंबई।** अक्सर एक-साथ स्पॉट किए जाने वाले पलक और इब्राहिम के अफेयर की खबरें आम रहती हैं। इस बीच अब फिल्म की रिलीज से पहले पलक ने इब्राहिम संग अपने रिश्ते पर खुलासा कर बताया है कि आखिर दोनों के बीच क्या खिचड़ी पक रही है। पलक तिवारी शोबिज की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। वह सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आएंगी। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले ही पलक की सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान से अच्छी दोस्ती बन गई हैं। उन्हें कई बार उनके साथ देखा गया था। इसी की वजह से दोनों के रिलेशनशिप में होने की अफवाह उड़ा रही हैं। हालांकि, अब एक इंटरव्यू में पलक तिवारी ने इब्राहिम के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की और उन्हें अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में पलक तिवारी ने इब्राहिम के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'इब्राहिम मेरा दोस्त है। मुझे उसके साथ घूमना-फिरना पसंद है, उसके साथ स्पॉट किया जाना पसंद। लेकिन ऐसा नहीं है कि हम हर दिन एक-दूसरे से मैसेज पर बात कर रहे हैं या कॉल कर रहे हैं। लेकिन हां, वह है एक ऐसा दोस्त है, जो मुझे पसंद है।'

हॉलीवुड मसाला



## रिलीज से पहले ' द लिटिल मरमेड' की चर्चा

**न्यूयार्क।** डिज्नी की द लिटिल मरमेड 26 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। हेले बेली अभिनीत, यह फिल्म रिलीज होने से पहले ही काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म रिलीज होने से पहले डिज्नी स्टूडियोज ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें इस फिल्म के स्टार्स और डायरेक्टर ने बताया है कि उन्होंने इस फिल्म को बनाने में अपनी पूरी जान लगा दी है। इस वीडियो में हेली बेली कहती हैं कि मैंने पहली बार लिटिल मरमेड को देखा तो मेरी पूरी जिंदगी बदल गई मेरी तरह बहुत सारी लड़कियां लिटिल मेरमेड बनना चाहती हैं।



## 'लव अगेन' से सेलीन डायोन ने किया कमबैक

**लॉस एंजेलिस।** पॉप डीवा सेलीन डायोना ने अपने नए म्यूजिक रिलीज की घोषणा की है। पिछले साल उन्होंने खुलासा किया था कि वह न्यूरोलॉजिकल विकार से पीड़ित थीं, जिसकी वजह से उनके गाने पर असर पड़ रहा था। नया एल्बम ₹लव अगेन₹ उसी नाम की एक फिल्म का साउंडट्रैक है और इसमें पांच नए गाने और साथ ही पिछले हिट गाने भी शामिल हैं। सेलीन डायोन ने एक बयान में कहा, ₹इस फिल्म को करने में मुझे बहुत मजा आया और मेरी पहली फीचर

फिल्म में सुंदर और प्रतिभाशाली अभिनेताओं सैम ह्यूगन और प्रियंका चोपड़ा के साथ दिखाई देने का सौभाग्य मिला, यह एक उपहार है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।₹ डायोन ने कहा, ₹मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत फील-गुड कहानी है, और मुझे उम्मीद है कि लोग इसे पसंद करेंगे और नए गाने भी पसंद करेंगे।



## धमाकेदार अंदाज में नजर आए रॉकी भाई

**चेन्नई।** साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश अपनी फिल्म केजीएफ और केजीएफ चैप्टर 2 को लेकर काफी फेमस हैं। कन्नड़ एक्टर यश की दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। आपको बता दें कि केजीएफ चैप्टर 2 ठीक एक साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म ने विश्व भर में धमाकेदार कमाई की थी, जिसके बाद से फैंस को केजीएफ के तीसरे पार्ट का इंतजार हैं। वहीं, हाल ही में केजीएफ फिल्म के निर्माता होम्बले फिल्म्स ने एक वीडियो साझा किया है, जिसे देख कर लग रहा है कि फिल्म का तीसरा पार्ट जल्द ही देखने को मिल सकता है। दरअसल, केजीएफ चैप्टर 2

को एक साल पूरा हो चुका है। फिल्म की एनिवर्सरी पर होम्बले फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में केजीफ चैप्टर 2 फिल्म की कुछ झलकियां साझा की गई हैं। वहीं, इस वीडियो को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि इसके तीसरे पार्ट को लेकर भी जल्द कोई न कोई अपडेट मिल सकता है।



## तीन साल बाद सेट पर लौटीं रिया, बोलीं- समय मुश्किल था लेकिन...

**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती तीन साल बाद शोबिज में वापसी कर रही हैं। रिया आखिरी बार साल 2020 में आई फिल्म 'चेहरे' में नजर आई थीं। अब रिया जल्द टीवी पर नजर आने वाली हैं। वह एमटीवी रोडीज 19 में गैंग लीडर के रूप में नजर आएंगी। इस बात की जानकारी अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए दी और अपनी खुशी जाहिर की। तीन साल बाद काम पर लौटने की खुशी रिया ने एक वीडियो के जरिए साझा की, जिसमें वह शूट पर जाने के लिए मेकअप करवाती नजर आ रही थीं। वीडियो में अभिनेत्री ने बताया कि सेट पर आकर वह बहुत अच्छा महसूस कर रही हैं। तीन साल बाद सेट पर

लौटना उनके लिए काफी अच्छा है। काफी समय बाद वैनिटी वैन में वह बिल्कुल नया जैसा महसूस कर रही हैं और खास बात यह है कि तीन साल पहले वह इसी सेट पर फिल्म 'चेहरे' के सूट के लिए इसी वैनिटी वैन में थीं। इस वीडियो को साझा करते हुए रिया चक्रवर्ती ने कैप्शन में लिखा, 'इंतजार काफी लंबा रहा। सेट पर लौटना और काम पर लौटना, यह एक अलग खुशी है।

टीवी मसाला

## बर्थडे पार्टी में रोमांटिक हुए करण और तेजस्वी प्रकाश

**मुंबई।** छोटे पर्दे के पॉपुलर कपल्स में से एक माने जाने वाले करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। कपल टेलीविजन इंडस्ट्री की उन मशहूर जोड़ियों में से एक हैं, जो सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के ऊपर जमकर प्यार लुटाते हैं।



'बिग बॉस' के 15वें सीजन में करीब आए करण और तेजस्वी आए दिन सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बने रहते हैं। दोनों आए दिन अपने फैंस के साथ अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। हाल ही में एक बर्थडे पार्टी में दोनों के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे इस वीडियो में दोनों 'आशिकी 2' के सॉन्ग 'तुम ही हो' पर रोमांटिक डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। गाने की धुन पर दोनों इतने रोमांटिक हो गए कि परफॉर्मेंस के बीच में ही दोनों ने एक-दूसरे को लिपलॉक भी किया। किस करने का यह वीडियो इंटरनेट पर उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। तेजस्वी के लुक की बात करें तो एक्ट्रेस डेनिम आउटफिट में काफी हॉट लग रही हैं। वहीं, करण कुंद्रा भी ब्लैक लुक में काफी हैंडसम लग रहे थे।

## तुनिशा की यादों में खोए शीजान कविता लिख कही दिल की बात

**मुंबई।** बीते साल दिसंबर में तुनिशा शर्मा की मौत ने पूरी टीवी इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया था। जहां सभी सितारे अभिनेत्री के निधन से स्तब्ध थे, वहीं एक इंसान ऐसा था, जिसने न केवल अपनी को-स्टार को खोया था बल्कि अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड को भी हमेशा-हमेशा के लिए खो दिया



था। हम बात कर रहे हैं शीजान खान की। हालांकि, शीजान खान ने ऊपर तुनिशा शर्मा की मां ने अभिनेत्री को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के साथ-साथ कई संगीन आरोप लगाए थे। उसके बाद से शीजान पुलिस कस्टडी में थे, लेकिन अब अभिनेता जमानत पर बाहर आ गए हैं। आज कल शीजान खान को तुनिशा की याद सता रही है। यह हम नहीं बल्कि उनकी सोशल मीडिया पोस्ट कह रही हैं, जिनमें वह उनके लिए कविता लिख अपने जज्बातों को बयां कर रहे हैं। एक बार फिर शीजान ने कुछ ऐसा ही किया है। शीजान खान सोशल मीडिया पर इन दिनों पहले से ज्यादा एक्टिव हैं। अभिनेता पिछले कुछ महीनों से जेल में होने की वजह से फैंस के साथ अपडेट साझा नहीं कर रहे थे। अपनी को-स्टार और एक्स गर्लफ्रेंड तुनिशा शर्मा के निधन के बाद उन्होंने एक वीडियो के साथ 'मेरी और सिर्फ तुन्नी' को याद करते हुए एक खूबसूरत कविता शेयर की थी। अब, अभिनेता ने एक बार फिर दिवंगत अभिनेत्री के साथ एक अनदेखी तस्वीर साझा करते हुए उन्हें एक कविता समर्पित की है।

## 'टूथ परी' का ट्रेलर जारी, खूनी खेल में तब्दील हुई वैम्पायर लव स्टोरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शांतनु महेश्वरी अपनी फिल्मों और डांस को लेकर खूब सुर्खियां बटोरते हैं। शांतनु अपनी आने वाली नई वेब सीरीज 'टूथ परी' को लेकर चर्चा में हैं। बीते महीने सीरीज का टीजर जारी किया गया था, जिसे देख दर्शक उत्साहित थे। अब 'टूथ परी' का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो रोमांच और रोमांस की कहानी को बयां करता है।



सीरीज के ट्रेलर की शुरुआत डेंटिस्ट डॉ. रॉट के क्लीनिक से होती है, जहां तान्या अपना दांत लेकर पहुंचती है। मुलाकात के बाद दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। दोनों की प्रेम कहानी आगे बढ़ती है, तभी शांतनु को पता चलता है कि तान्या वैम्पायर है। वह तान्या से डरने लगते हैं, लेकिन तान्या भरोसा दिलाती हैं कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

दोनों की प्रेम कहानी बढ़ते हुए शादी तक बात पहुंची। एक तरफ शांतनु का परिवार शादी के लिए राजी हो जाता है। दूसरी तरफ तान्या की दुनिया में शांतनु के लिए कोई जगह नहीं है, जिसके बाद तान्या का वैम्पायर वाला विकराल रूप सामने आ जाता है। फिर, शुरू होती है हॉरर सीन्स और खूनी खेल की रोमांचक कहानी।

आपको बता दें कि 'टूथ परी' को बंगाली डायरेक्टर प्रतीम दासगुप्ता ने निर्देशित किया है। इस सीरीज की कहानी कोलकाता के परिवेश पर आधारित है। इस फिल्म में शांतनु के अलावा सिकंदर खेर, आदिल हुसैन, रेवती, सास्वत चटर्जी, तिलोत्तमा शोम और अन्य कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। यह वेब सीरीज 20 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## एक साथ नजर आईं बॉलीवुड की खूबसूरत हसीनाएं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है, जिसे देखकर नेटिजंस अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। सोनी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें अनु रंजन के साथ नीना गुप्ता, ज़ीनत अमान और सोनी नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने एक प्यारा कैप्शन भी लिखा।

सोनी ने लिखा,धन्यवाद एनखान अमरोही इस बेहद खास शाम के लिए... और यह एक बहुत जरूरी मुलाकात थी।" शेयर की गई इस तस्वीर में सभी अभिनेत्रियां बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जिन्हें देखकर सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, इतनी प्यारी तस्वीर। सभी महिलाएं बिल्कुल शानदार लग रही हैं। मैंने हाल ही में आपका एक शानदार इंटरव्यू देखा, जिसमें आपने उल्लेख किया है कि ज़ीनत जी आपकी पहले से ही पसंदीदा हैं, एक तस्वीर में आप दोनों को देखना कितना प्यारा है। इस तस्वीर को साझा करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। सोनी के इस पोस्ट पर प्यार जताते हुए एक्ट्रेस ज़ीनत अमान ने भी इस पोस्ट को री-शेयर किया है, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स उनकी इस पोस्ट पर



जमकर प्यार लूटा रहे हैं। बता दें कि उन्होंने जब से अपना सोशल मीडिया अकाउंट बनाया है तब से ज़ीनत इंटरनेट पर छाई हुई हैं। नेटिजंस उनकी इंस्टाग्राम पोस्ट को काफी पसंद करते हैं।

### याद किया कौशिक को

बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों ने सतीश कौशिक के 67वें जन्मदिन समारोह में शिरकत की। इस दौरान सफेद साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही नीना ने एक तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, ₹आप जहां भी हों, हम आपका जन्मदिन कौशिकन मना रहे हैं। जन्मदिन मुबारक हो...विशेष रूप से आपके लिए तैयार #सतीशकौशिक₹ नीना ने समारोह में सतीश के बारे में बात की और कहा था, ₹मैं गर्भवती थी और यह एक विवादास्पद गर्भावस्था थी। मैं इस बात को लेकर तनाव में थी कि मैं जीवन में क्या करूंगी। मैं अपनी गर्भावस्था के दौरान सिर्फ दो लोगों से मिलती थी ओम पुरी और सतीश कौशिक। सतीश मुझसे कहते थे, 'नैंसी तू चिंता मत कर अगर तेरा बच्चा काले रंग का हुआ तो मैं बोल दूंगा मेरा है।₹

आज जन्मदिन-जाने माने शायर और गीतकार हसरत जयपुरी ने राज कपूर कैम्प से हट कर भी बनाई पहचान

## फिल्मी गीतों में रुमानियत के रंग भरे थे हसरत ने, यादगार गीतों से छोड़ी छाप

**मुंबई।** हसरत जयपुरी की एक पहचान राज कपूर कैम्प का सदस्य होने की वजह से थी लेकिन हसरत सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं थे। उन्होंने शैलेंद्र, शंकर जयकिशन और राज के साथ मिलकर कई यादगार गीत दिए लेकिन राज कपूर कैम्प के बाहर भी उन्होंने एक से बढ़ कर एक नग्मे दिए।

हसरत का असली नाम इक़बाल हुसैन था। बस कंडक्टरी करते हुए उन्होंने अपने अंदर के शायर को कभी मरने नहीं दिया। वो अक्सर वक़्त निकाल कर मुशायरों में जाया करते। ऐसे ही एक मुशायरे में पृथ्वीराज कपूर ने हसरत के कलाम को सुना। वो उनके कलाम से काफ़ी मुतास्सिर हुए। उन्होंने राज कपूर को हसरत के बारे में बताया। जिसके बाद उन्हें 'बरसात' फ़िल्म में



पहला गाना जिया बेक़रार है, छाई बहार है..., आजा मोरे बालमा, तेरा इंतज़ार है..., लिखने का मौक़ा मिला। -

हसरत का जन्म 15 अप्रैल सन 1922 को जयपुर राजस्थान में हुआ। हसरत के नाना अदीब थे। उन्हें शायरी का शौक था। हसरत जयपुरी ने अपनी बस कंडक्टर की नौकरी में बंबई में भी रस ढूंढ़ लिया। वह सवेरे से शाम तक बस में यात्रा करने वाली खूबसूरत लड़कियों को देखते और उनसे प्रेरणा लेकर गीत लिखते। इतना ही नहीं, हसरत जयपुरी कभी भी सुन्दर लड़कियों से बस टिकट के पैसे नहीं लेते थे। उनका मानना था कि अल्लाह ने जिन्हें हुस्न दिया है, उस हुस्न की बदौलत ही उनकी शायरी हो रही है। ऐसे में उनसे पैसे लेना एक जुर्म ही होगा। इस तरह हसरत की शायरी और बस कंडक्टरी साथ साथ चलती रही।

राज कपूर कैम्प से जुड़ने के बाद हसरत जयपुरी को शंकर जयकिशन की धुनों पर गीत लिखने होते थे। यह पारंपरिक शायरी से अलग काम था। मगर हसरत में सीखने और परिस्थिति के हिसाब से ढलने की अद्भुत क्षमता थी।

अपने आखिरी दिनों में में एक रोज वह राज कपूर के पास पहुंचे और उन्होंने कहा कि वह एक गीत लिखना चाहते हैं। गीत लिखने का कारण भी मजेदार था। हसरत चाहते थे कि वह जमाने को बताएं कि बूढ़ी उम्र में भी उनका दिल जवान है और उनकी कलम से इश्किया गीत निकल सकते हैं। तब राज कपूर ने हसरत को मौका दिया और हसरत ने फिल्म ₹राम तेरी गंगा मैली₹ के लिए गीत ₹सुन सायबा सुन, प्यार की धुन₹।यह गीत और फिल्म सुपरहिट साबित हुई। हसरत जयपुरी का 17 सितंबर सन 1999 को मुंबई में निधन हो गया।

### हसरत की जिंदगी की हकीकत बयां करता है 'संगम' का 'प्रेमपत्र'



हसरत जयपुरी अपने जयपुर के दिनों में राधा नाम की लड़की से बेहद प्रभावित थे और उन दिनों में ही हसरत ने कई प्रेमगीत लिखे थे।उन्हीं गीतों में शामिल था एक ऐसा गीत, जो राज कपूर को बहुत पसन्द आया था। इसी गीत से ही प्रभावित होकर राज कपूर ने अपनी फिल्म 'संगम' में नायिका का नाम 'राधा' रखा था। वह गीत जिसने राज कपूर के दिल और दिमाग को प्रभावित किया, वह दरअसल एक प्रेम पत्र था, जिसे हसरत जयपुरी ने राधा के लिए लिखा था। पत्र के शब्द थे 'ये मेरा प्रेम पत्र' पढ़कर कि तुम नाराज न होना। इस गीत को खूबसूरती से गाया मोहम्मद रफी साहब ने और यह गीत फिल्म 'संगम' की जान बना।

# कृषि विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह 18 को

### 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी उपाधियां

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का नवम् दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित इस दीक्षांत समारोह में लगभग 6 हजार विद्यार्थियों को उपधियाँ प्रदान की जाएगी। राज्यपाल एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में आयोजित नवम् दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रविन्द्र चौबे उपस्थित रहेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा दीक्षांत उद्बोधन देंगे। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को 62 स्वर्ण, 140 रजत एवं 23 कांस्य पदक प्रदान किये जाएंगे। इस दौरान दीक्षांत शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। आज यहां कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में दीक्षांत समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार रिहर्सल की गई, जिसमें दो हजार से अधिक पंजीकृत विद्यार्थी शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए स्नातक उत्तीर्ण 4 हजार 522, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 1 हजार 158 तथा शोध कार्य पूर्ण कर चुके 247 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इस दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2015-16 से लेकर वर्ष 2021-22 तक कृषि विश्वविद्यालय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियाँ वितरित की जाएगी। शैक्षणिक वर्ष 2015-16 से लेकर वर्ष 2021-22 तक बी.एस.सी. कृषि पाठ्यक्रम के 3 हजार 362, बी.एस.सी. उद्यानिकी पाठ्यक्रम के 720 तथा बी.टेक. कृषि अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम के 440 पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एस.सी. कृषि पाठ्यक्रम के 814, एम.एस.सी. उद्यानिकी पाठ्यक्रम के 152, एम.टेक. कृषि अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम के 113 तथा एम.बी.ए. (एग्री बिजनेस मैनजमेन्ट) पाठ्यक्रम के 52 पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार कृषि विषय के 188 शोधार्थियों, उद्यानिकी विषय के 35 शोधार्थियों तथा कृषि अभियांत्रिकी विषय के 19 शोधार्थियों को भी उपाधियां प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक भी प्रदान किये जाएंगे। स्नातक पाठ्यक्रमों के 20 विद्यार्थियों, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 24 विद्यार्थियों तथा शोध पाठ्यक्रमों के 18 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जाएंगे। इसी प्रकार स्नातक स्तर के 23 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर के 117 विद्यार्थियों को रजत पदक और स्नातक स्तर के 23 विद्यार्थियों को कांस्य पदक प्रदान किये जाएंगे।

दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान निर्धारित किया गया है। छात्र कोसे रंग अथवा ऑफ वाईट रंग का कुर्ता तथा सफेद पायजामा पहनेंगे, वहीं छात्राएं कोसे रंग या ऑफ वाईट रंग की साड़ी पहनेंगी।

# कलेक्टर ने बिना अनुमति नलकूप खनन पर लगाई पाबंदी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने रायपुर जिले में 30 जून तक ग्रीष्म ऋतु के दौरान नये नलकूप खनन पर रोक लगा दी है। कलेक्टोरेट से इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। चालू गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए रायपुर जिले का 30 जून तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। गर्मी के मौसम में लोगों को पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नये नलकूप खोदने पर यह प्रतिबंध लगाया गया है। जारी किए गए आदेश अनुसार रायपुर जिले में 30 जून तक की अवधि में बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के कोई नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। इस अवधि में पीने के पानी या पेयजल के अलावा अन्य किसी प्रयोजन के लिए भी नया नलकूप खनन नहीं होगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के नये नलकूप खनन के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। शासकीय-अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पीने के पानी के लिए अपने क्षेत्र अधिकार सीमा में आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन के अनुमति की जरूरत नहीं होगी। कलेक्टर डॉ. भुरे ने नलकूप खनन की पूर्व अनुमति के लिए प्राधिकृत अधिकारी भी नियुक्त कर दिए है। प्राधिकृत अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, नगरीय निकाय या तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित क्षेत्र में नये नलकूप खनन की अनुमति दे सकेंगे। प्राधिकृत अधिकारी यह अनुमति छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही देंगे। रायपुर नगर निगम सीमा के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए नये नलकूप खनन की अनुमति अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा दी जाएगी। रायपुर राजस्व अनुभाग के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम रायपुर, आरंग राजस्व अनुभाग क्षेत्र के लिए एसडीएम आरंग, अभनपुर राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम अभनपुर और तिल्दा राजस्व अनुभाग के लिए एसडीएम तिल्दा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए गए है। नलकूप खनन या मरम्मत का काम पंजीकृत एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

# भाजपाइयोंका रैली लेकर थाने जाना चोरी ऊपर से सीनाजोरी -कांग्रेस

### भाजपा की रैली पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। भाजपा नेताओं द्वारा हेट स्पीच के मामले में रैली लेकर थाने जाना चोरी ऊपर से सीनाजोरी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि एक तो भाजपा के नेता सामाजिक विद्वेष भड़काने के लिये सोशल मीडिया जैसे महत्वपूर्ण प्लेटफार्म पर गलत तथ्य और भड़काऊ पोस्ट करते है। जब पुलिस उनसे उनके पोस्ट के संबंध में जवाब मांगने नोटिस भेजती है तो भीड़ ले जाकर दबाव बनाने की गैर कानूनी कोशिश करते है।

भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट में राज्य की शांत फिजा में जहर घोलने का काम किया है। भाजपा नेताओं के पोस्ट से प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का खतरा उत्पन्न हुआ था भाजपा नेताओं का पोस्ट अपराध की श्रेणी में भी आता है। उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही हो रही है तो भाजपाई अपने राजनैतिक दल के नेता होने का रसूख जताने के लिये पुलिस के खिलाफ, सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे जो कि सवर्था अनुचित और निंदनीय है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया में जो भड़काऊ पोस्ट किया था उसका वे प्रमाण दे अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिये। छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेतागण सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में बयान दे रहे है कि राज्य में रोहिंग्या, मुसलमान, बांग्लादेशी मुसलमान तथा पाकिस्तानी नागरिक बसे है। राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा राज्य को कथित रूप से तालिबान बनाने, बांग्लादेशियों एवं रोहिंग्याओं को बसाने तथा जेहादियों को खुली छूट दिये जाने जैसे जहरीले एवं भड़काऊ वक्तव्यों का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया है। इनसे जानकारी मांगी जाए कि छत्तीसगढ़ में कहाँ जेहादियों, रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को बसाया जा रहा है? बिरनपुर में कौन-कौन से जेहादियों को बसाया गया है तथा कौन-कौन जेहादी है? यह भी जानकारी मांगी जाये कि जेहादियों के पास कौन-कौन से घातक हथियार हैं? छत्तीसगढ़ के पारम्परिक सद्भाव को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा राज्य का पारम्परिक सद्भाव बिगड़ना तय है।

# मुख्य सचिव ने की राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यो की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत राज्य के सभी जिलों में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए जरूरी निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये है। योजना के तहत हितग्राहियों को अब तक 516 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांरित कर दी गई है। योजना में वर्तमान में चार लाख 99 हजार 756 हितग्राही है। यह योजना एक अप्रैल 2023 से राज्य की सभी नगर पंचायतों में भी लागू कर दी गई है। नगर पंचायतों से अब तक 7377 हितग्राहियों के आवेदन आ चुके है। नगर पंचायतों में प्रति-दिन हजारो की संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है। मुख्य सचिव ने सभी नये हितग्राहियों को पात्रानुसार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि न्याय योजना के तहत लाभांवित करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये है। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा मे निराकरण करने कहा है। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू मौजूद थे। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को नजूल पटटों की भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए विशेष प्रयास करने कहा है। उन्होंने कहा है कि सभी शहरों में नजूल पटटाधारियों को भूमि फ्री होल्ड करने के लिए उन्हें आवश्यक जानकारी दी जाये। बैठक में शहरी स्लम पटटों के नियमितीकरण, नवीनीकरण, नवीन स्लम पटटों के वितरण करने और 7500 वर्ग फुट तक की शासकीय भूमि के आबंटन एवं नियमितीकरण के तहत की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारियों से ली गई। राजस्व प्रकरणों में अभिवादित नामांतरण, बटवारा, खाता विभाजन सहित अन्य राजस्व प्रकरण को समय-सीमा में निराकृत करने कहा है, यदि कोई प्रकरण समय-सीमा में निराकृत नही हुआ है तो उसका कारण अंकित किया जाये। मुख्य सचिव ने सभी जिलों कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण की लगातार मॉनीटरिंग करने कहा है। इसी तरह से राजस्व प्राप्तियां के तहत सरकारी राजस्व में वृद्धि के लिए निर्धारित राजस्व वसूली के लिए विशेष प्रयास करने अधिकारियों से कहा गया है। बैठक में राजस्व विभाग के सचिव एन.एन एक्का, संचालक भू-अभिलेख रमेश शर्मा सहित राजस्व विभाग और उद्योग विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता-आधार सीडिंग 20 अप्रैल तक

रायपुर। अपने बैंक खाते को आधार नम्बर से लिंक कराने से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को आधार सीडिंग का अंतिम मौका दिया जा रहा है। ऐसे सभी छात्र-छात्राओं को 20 अप्रैल तक अपने बैंक खातों को अपने आधार नम्बर से लिंक कराना होगा। आधार सीडिंग के बाद ही विद्यार्थियों छात्रवृत्ति की राशि अपने बैंक खातों से निकाल सकेंगे। जिले के आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि महाविद्यालयों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने की योजना संचालित की जा रही है। पिछले वर्ष कई विद्यार्थियों के बैंक खाते उनके आधार नम्बरों से लिंक नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति राशि का आहरण नहीं हो सका था।

## चारो नगर पंचायतो से आठ प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिये किया नामाकंन

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में नगर निकाय चुनाव के लिये बने नामाकंन कक्षो मे रविवार को मोहनलालगंज नगर पंचायत से दो, नगराम नगर पंचायत से तीन, अमेठी नगर पंचायत से दो व गोसाईगंज नगर पंचायत से एक प्रत्याशियो ने अध्यक्ष पद के लिये अपने प्रस्तावको के साथ पहुंचकर नामाकंन किया। मोहनलालगंज से 23 गोसाईगंज से 12, अमेठी से 13 व नगराम से 12 प्रत्याशियों ने सदस्य पद के लिये उक्त सभी नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डो से अपने अपने नामाकंन पत्र दाखिल किये। चारो नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिये 5 व सदस्य पद पर 13नामाकंन पत्र बिके। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य, एसीपी राज कुमार सिहं व प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दूबे ने नामाकंन कक्षो का निरीक्षण कर परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एलआईयू टीम ने मुख्य गेट पर सघंन चेकिगं कराने के बाद ही पर्चा भरने आये प्रत्याशियों व उनके समर्थको को तहसील भवन के अंदर बने नामाकंन कक्षो में प्रवेश दिया।

## घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

लखनऊ। सरोजनीनगर में चोरों का अतंग जारी बीते दिनों में बेखौफ चोरों ने बंद दुकान के सामने खड़ी पैशन प्रो बाइक पार कर दी। इस मामले में पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। सरोजनीनगर के शमा विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद नफीस के मुताबिक बीती 11 अप्रैल को उसकी पैशन प्रो बाइक (यूपी 32 ईएल 6713) दुकान /घर के बाहर खड़ी थी। तभी दिनदहाड़े करीब 4 बजे बेखौफ चोरों ने उसकी बाइक ले उड़े और कुछ देर बाद जब उसकी बाइक वहां पर नहीं नजर आई तो उसने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

# न्यायालय के हस्तक्षेप पर दबंग पूर्व प्रधान सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

### कई महीनों तक इधर-उधर चक्कर काटने के बाद कोर्ट के आदेश पर पीड़ित हरिजन महिला को मिला न्याय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। कभी-कभी न्याय पाने के लिए पीड़ितों को कई महीनों का इंतजार करना पड़ता है ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित महिला नौ महीने थाने का चक्कर काटती रही फिर कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के दबंग पूर्व प्रधान व उसके शातिर साथियों के खिलाफ न्यायालय के हस्तक्षेप पर संगीय अपराध की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। मुकदमा दर्ज करवाने वाली अनुसूचित जाति की महिला को जब पुलिस से न्याय नहीं मिला तो न्यायालय की शरण में जाकर अनुतोष प्राप्त हुआ। ग्राम पंचायत खड़ौहां के पूर्व प्रधान चंदन इस बार की प्रधान के प्रतिनिधि के रूप में अपनी पुरानी स्टाइल में प्रधानी चला रहे थे। पुराने कार्यकाल में कई विवादित मामलों में चर्चित रहे प्रधान को इस बार अनुसूचित जाति की महिला से पंगा लेना भारी पड़ गया। खड़ौहां निवासिनी करुणा शंकर की पत्नी गीता ने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली से निराश होकर न्यायालय में 156/3 के तहत गुहार लगाते हुए वाद दाखिल करते हुए गुहार लगाई थी। कि विगत 5 अगस्त 2022 को शाम करीब 7 बजे उक्त गांव के ही पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि चंदन के नेतृत्व में नीरज तिवारी, हरीचन्द्र, कमलेश, संतोष, मुकेश यादव, अजीत यादव व लालता एक राय होकर दरवाजे पर आ गए। जातिसूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर धमकाया की गांव छोड़कर चली जाओ नहीं तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। और अपने साथियों को जातिसूचक गालियां देते हुए बलात्कार कारित कर देने के लिए उकसाते हुए कहा की तू कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं बचेगी तब तो गांव छोड़कर जाएगी तत्पश्चात उक्त लोगों ने पकड़ कर स्तन वा बाल नोचने लगे जमीन पर पटक कर नंगी करने की नियत से कपड़े खींचने लगे पीड़िता व बच्चों के चिल्लाने पर आसपास घरों के कुछ लोग मौके पर आ गए। तब उक्त लोग फिर से जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए तेरी हत्या कर लाश गायब कर देंगे। यह कहते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने नहीं की कार्रवाई पुलिस ने किया अनदेखा पीड़िता गीता के मुताबिक घटना की सूचना तत्कालीन मलिहाबाद थाने पर करने के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने पर पीड़िता ने 28 अक्टूबर 2022 को पुलिस अधीक्षक लखनऊ ग्रामीण को पंजीकृत डाक से प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई तब भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। तब न्यायालय के आदेश पर 15 अप्रैल 2023 को करीब 9 महीने बाद रहीमाबाद थाने पर उपरोक्त के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 452, 354 ख, सहित एसटीएससी एक्ट/ 3(1) घ, 3 (1) ग के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ है। सूत्रों के मुताबिक मुकदमा पंजीकृत होते ही अब तक चंदन के कारनामों से त्रस्त ग्रामीणों ने चैन की सांस लेते हुए कहा अब लगता है कि कानून का शासन आया है।

## सुषमा खर्कवाल को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेत्री सुषमा खर्कवाल को प्रत्याशी बनाए जाने पर कार्यकताओं में अत्यंत प्रसन्नता की लहर व्याप्त हो गई है। श्रीमती खर्कवाल वर्तमान में उत्तर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व मे क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निर्वाहन करते हुए विगत लगभग 30 वर्षों से पार्टी में कार्यरत हैं। पूर्व सैनिक प्रेम खर्कवाल की धर्मपत्नी है और श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री हासिल की थी। सुषमा खर्कवाल को लखनऊ महापौर प्रत्याशी घोषित होने पर पार्टी संगठन कार्यकताओं सहित सभी विधायकों व जनप्रतिनिधियों ने शीर्ष नेतृत्व के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया कि पार्टी द्वारा संगठन में लंबे अरसे से कार्यरत वरिष्ठ कार्यकर्ता को अवसर प्रदान किया गया। श्रीमती खर्कवाल के महापौर पद के लिए प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार सिंह चौहान, अशोक तिवारी, संजय सिंह चौहान महाबली, मनोज कुमार सिंह चौहान जिला संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ लखनऊ, सज्जन लाल रावत, आशीष कुमार रावत, भुवनेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, सुभाष पासी, हिमांशु अग्रवाल, शेष यादव सहित तमाम नेताओं ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व विशेषकर रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

## जालसाजों ने एटीएस कर्मी के खाते से उड़ाए 21 हजार रुपये रिपोर्ट दर्ज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। सरोजनी नगर में ऑनलाइन ठगी का शिकार तेजी बढ़ता जा रहा है ऐसी ही एक नया मामला सामने आया है सरोजनी नगर में ऑनलाइन खरीदे गए सामान का पार्सल आने के एवज में रजिस्ट्रेशन कराने के अलावा लिंक भेजने के साथ ही एनीडेस्क एप डाउनलोड कराने का झांसा देकर जालसाजों ने बीते दिनों एक एटीएस कर्मी के खाते से 21 हजार रुपये की रकम पार कर दी। अपने साथ ठगी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जालसाज का पता लगा रही है। मूल रूप से आगरा जिले के सदर थानान्तर्गत नैनाना जाट निवासी प्रवीन सिंह रावत सरोजनीनगर के अमौसी स्थित यूपी एटीएस स्पाट मुख्यालय में कार्यरत हैं। प्रवीन सिंह का कहना है कि बीते दिनों बुक किए गए ऑनलाइन सामान का पार्सल आ रहा था। जिसका पता लगाने के लिए उन्होंने ऑनलाइन ट्रैकिंग नंबर ट्रैक किया तो उसपर 8777704760 और 8249463531 वाट्सऐप नम्बर से एक कॉल आई। जिसमें उसे बताया गया कि पार्सल के लिए रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। जिसमें 2 रुपये लगेंगे। साथ ही यह भी बताया गया कि अगर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो पार्सल को 90 दिनों के लिए होल्ड कर दिया जाएगा। आरोप है कि साथ में व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया और एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी गई। यह करने के बाद उन्होंने 2 रुपये का ट्रांजैक्शन कर दिया। लेकिन इसके बाद दो बार हुए ट्रांजैक्शन में प्रवीन के खाते से 21 हजार रुपये की रकम पार हो गई।

# बंदूक के दम पर चल रही भाजपा सरकार : ओवैसी

### प्रियंका ने कहा-अपराधियों को कड़ी सजा मिले, मगर कानून से; अखिलेश बोले-अपराधियों के हौसले बुलंद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ, माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में 15 अप्रैल यानी शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मेडिकल टेस्ट के लिए उन्हें अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान मीडियाकर्मी बनकर तीन युवक आए और पुलिस का घेरा तोड़ते हुए दोनों भाइयों को गोली मार दी। अतीक और अशरफ की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पहला रिएक्शन दिया। अखिलेश ने ट्वीट कर लिखा, उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसी की हत्या की जा सकती है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है, कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, हमारे देश का कानून संविधान में लिखा गया है, यह कानून सर्वोपरि है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, मगर देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

उन्होंने कहा, जो भी ऐसा करता है या करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उस पर भी सख्ती से कानून लागू होना चाहिए। देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।

### मायावती बोलीं- सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान ले तो बेहतर होगा

मायावती ने ट्वीट कर लिखा, "उमेश पाल हत्याकांड की तरह ही अतीक अहमद और अशरफ की प्रयागराज में पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हत्या हुई। यूपी सरकार की कानून-व्यवस्था और उसकी कार्यप्रणाली पर अनेकों गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े करती है।

## मोहनलालगंज में हाई अलर्ट पर पुलिस,पैदल गश्त कर की चेकिंग



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

मोहनलालगंज। प्रयागराज में शनिवार की रात माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद प्रदेश में हाईअलर्ट घोषित कर दिया गया। इसको लेकर राजधानी की दक्षिणी जोन पुलिस अलर्ट मोड पर है। रविवार की सुबह डीसीपी विनीत जायसवाल, एडीसीपी शंशाक सिहं पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये सभी थाना क्षेत्रो में भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षको को पुलिस बलो के साथ भ्रमणशील रहकर मुश्तैद रहने के निर्देश दिये। मोहनलालगंज एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व एसीपी राज कुमार सिहं ने मोहनलालगंज, निगोहां, नगराम थाना क्षेत्र में भ्रमण कर प्रभारी निरीक्षको व पुलिस बलो के साथ कस्बो में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पैदल गश्त भी किया। मोहनलालगंज कस्बे में एसीपी राज कुमार सिहं के नेतृत्व मे प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दूबे ने भारी पुलिस बल के साथ गश्त कर नजर बनाए रखी। इस दौरान संदिग्ध लोगों की गतिविधि पर भी पुलिस नजर बनाए रही। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध नजर आने वाले लोगों की चेकिंग भी की गी। पुलिस ने शराब की दुकानो, रेलवे स्टेशन समेत ढाबो में भी चेकिगं की।

# सड़क दुर्घटना में आहत युवक का 108 की टीम ने किया गोल्डन ऑवर में उपचार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** बाईको की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से आहत हो गया था आहत को गोल्डन ऑवर में इलाज मिलने से उसकी जान बच सकी है।

**बची जान**

बताया गया है कि सोमवार को सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुँचीं 108 की टीम ने घायल युवक का उपचार कर उन्हें हॉस्पिटल पहुँचाया। ग्राम गणेशपुर निवासी राजनाथ सिंह अपने बाइक से ही गाँव की ओर किसी काम से जा रहा था।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाईक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में राजनाथ के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलने पर पहुँचें ईएमटी दखल सिंह ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए ईआरसीपी के माध्यम से डॉ वजस से संपर्क साधा और उनके सलाहनुसार घायल राजनाथ को उपचार और ऑक्सीजन सपोर्ट देते हुए रामनुजनगर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार पश्चात घायल युवक को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल सूरजपुर रिफर कर दिया गया।



## विधानसभा चुनाव हेतु कर्मचारी डाटा एंट्री संबंधी प्रशिक्षण 19 को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 हेतु मतदान दलों के गठन किये जाने जिले अंतर्गत कार्यरत समस्त केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार, बैंकिंग सेवा में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी तथा 31 दिसम्बर, 2021 के पश्चात सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर पीपीईएस पोलिंग पार्टी एंट्री सॉफ्टवेयर वर्जन 3.6 में 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी प्रविष्टि किया जाना है। इसके लिए 19 अप्रैल को प्रातः सर्व कार्यालय प्रमुख एवं उनके अधीनस्थ कार्यरत सहायक प्रोग्रामर, डाटा एन्ट्री आपरेटर, लिपिकों को प्रशिक्षण किया जाना है। जिसके लिए अधीनस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, लिपिक के साथ जिला पंचायत सभाकक्ष में उपस्थित होने को कहा गया है।

# जेबीसीसीआई की 9 वीं बैठक आज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** मंगलवार 18 अप्रैल को जेबीसीसीआई की 9 वीं बैठक कोल इंडिया मुख्यालय में होने वाली है। 11 वें वेतन समझौते की यह सम्भवतः अंतिम बैठक हो सकती है। आज मंगलवार को होने वाली बैठक में यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से सौंपे गए चार्टर ऑफ डिमांड के अन्य बिन्दुओं पर चर्चा होनी है। इसमें कोयला कामगारों के तमाम तरह के भत्ते, सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत अपने वाले कई विषय निहित हैं। साढ़े तीन माह गुजरने के बावजूद 19 फीसदी एमजीबी को डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। 3 जनवरी को जेबीसीसीआई की 8 वीं बैठक में एमजीबी पर सहमति बनी थी।एमजीबी के मामले के फंसे होने का कारण 24 नवम्बर 2017 को जारी एक ऑफिस मेमोरेंडम है। यह ओएम कहता है कि कामगारों का वेतन अधिकारी वर्ग से अधिक नहीं होना चाहिए। इसमें छूट के बगैर 19 फीसदी एमजीबी को मंजूर नहीं किया जा सकेगा। यह मसला 9 वीं बैठक में उठेगा और यूनियन के लोग के प्रबंधन से जानना चाहेंगे कि इस संदर्भ में उनके द्वारा किया गया प्रयास कहां तक पहुंचा है, लेकिन सूत्रों की मानें तो स्थिति जस की तस है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि डीपीई से छूट को लेकर पीएमओ हस्तक्षेप करे या फिर मंत्रीमंडलीय समिति में मामले के लेकर जाया जाए।डीपीई की अड़चन वाले मुद्दे को उठाते रहे हैं। कोयला मंत्री का भी ध्यान इस ओर दिलाया गया था। बताया जा रहा है कि 9 वीं बैठक में एचएमएस, बीएमएस, सीटू, एटक के साथ ही इंटक की मौजूदगी रहेगी। इंटक 10 वें वेतन समझौते से बाहर है। कोलकाता हाईकोर्ट के एक निर्णय के बाद इंटक (राष्टीय कोयला खदान मजदूर संघ) को जेबीसीसीआई- 11 में एंट्री मिली है। बताया जा रहा है कि इंटक बैठक में पेंशन, पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट, स्मार्ट कार्ड, मेडिकल अनफिट सहित अन्य मुद्दे तथा ठेका कामगारों के विषय पर बात करना चाहेगा। जस्ट ट्रांजिशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को भी बैठक में उठाने की बात कही गई है। इंटक नेताओं की कोशिश होगी कि वे अपने एजेंडे को लेकर प्रबंधन पर दबाव बनाए। आज 18 अप्रैल की सुबह बैठक प्रारंभ होने से पहले पांचों यूनियन के लोग आपस में मीटिंग कर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

## उच्च शिक्षा संचालनालय ने शिल्पकार को सम्मानित किया

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशाषी महाविद्यालय, दुर्ग के, इतिहास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की विलुप्तप्राय मटपरई शिल्पकला का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला लगाया गया है।,जहाँ विद्यार्थियों के प्रशिक्षण मटपरई शिल्पकार अभिषेक सपन द्वारा दिया गया । इतिहास विभाग द्वारा मटपरई शिल्पकला कार्यशाला के साथ, बांस शिल्पकला(प्रशिक्षक रामकुमार पटेल),प्रतिकृति शिल्पकला कार्यशाला का सम्मापन समारोह 13अप्रैल को किया गया। जहां सभी शिल्पकारों को उच्च शिक्षा संचालनालय आयुक्त डॉ.श्री मति शारदा वर्मा,प्रिंसिपल डॉ. श्री मान आर.एन सिंग,इतिहास विभाग के प्रमुख डॉ.श्री मान अनिल कुमार पांडेय,प्रोफेसर डॉ.श्री मति काजल अग्रवाल, डॉ.श्री मति ज्योति धारकर के द्वारा,प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई जीवन दीप समिति की बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**ओड़गी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में जीवनदीप साधारण सभा की बैठक क्षेत्रीय विधायक व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें जीवनदीप समिती के तहत कलेक्टर दर में रखे जाने वाले प्राप्त आवेदन के पात्र सूची अनुसार सर्व सम्मति से प्रस्ताव प्रस्तुत कर अनुमोदन किया गया। तथा पात्र आवेदक को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए ,साथ ही स्वास्थ्य विभाग में चल रहे सभी रास्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें मौसमी बीमारियों की रोकथाम,कोविड के बढ़ते केस के बारे में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं,जन जागरूकता अभियान करने सम्बधी जानकारी दी गई। कोल्हुआ, छतरंग, बैजनपाठ, लुल्ह,में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बरसात के पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया




जाने एवं अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराने जैसे आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बीच पूर्व पीसीसी सदस्य अध्यक्ष अवधेश गुर्जर, लवकेश गुर्जर , महामंत्री दानी पांडेय ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गौतम कुशवाहा ,,प्रमेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र यादव, मुनेश्वर प्रसाद, स्वास्थ्य विभाग से खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बंटी बैरागी, बीपीएम एस.आर. आयाम, टी आर सखवार, डी.एन. रवि बिटीओ, ओपी रजवाड़े, गोपाल शरण सिंह सीसीपी प्रभारी, दीपक पंडो वार्ड बाय, विवेक कुमार वार्ड बॉय, सुनीता सिंह वार्ड आया सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# पार्षद हीरालाल को बर्खास्त करने की कार्रवाई निरस्त

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** नगर पंचायत छुरी कला के वार्ड क्रमांक नौ के बर्खास्त पार्षद के निर्वाचन को छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन ने हाईकोर्ट की अनुशंसा पर बहाल कर दिया है। पार्षद ने नौ माह पहले नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग प्रशासन से की थी। इस बीच जमीन बेजाकब्जा मामले में बर्खास्त किए जाने से अविश्वास प्रस्ताव पर ग्रहण लग गया था। अब राज्य नगरीय प्रशासन ने पार्षद को बहाल कर दिया है। इसके साथ ही अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव की राह खुल गई है।

नगर पंचायत छुरी के अध्यक्ष नीलम देवांगन के कार्यशैली से अप्रसन्न हो कर वार्ड क्रमांक नौ के पार्षद हीरालाल यादव ने अविश्वास प्रस्ताव का मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर से व्यवस्था देने की मांग की थी। प्रस्ताव के लिए तीन पार्षदों की जरूरत थी। हीरा यादव ने बताया कि आवेदन के चार माह बाद भी मामलें में प्रशासन ने सुनवाई नहीं की। इससे उसे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट ने कोरम के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव के लिए व्यवस्था देने की बात कही। इस बीच जमीन बेजा कब्जा मामले में कलेक्टर संजीव झा ने पार्षद हीरा लाल को पद से बर्खास्त कर दिया । हीरा ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव लाने में सहयोगी देवेंद्र देवांगन पर भी जमीन बेजाकब्जा का आरोप लगाया गया है, जो अनुविभागीय कार्यालय में प्रक्रियाधीन है। बर्खास्तगी के विरूद्ध हीरा ने हाईकोर्ट में अपील की। जिसपर कोर्ट ने नगरीय प्रशासन में आवेदन कर जांच कराने के लिए कहा। कोर्ट की अनुसंशा पर पार्षद ने नगरीय प्रशासन में आवेदन किया था। जांच में बेजाकब्जा के मामले को निराधार पाया गया। हीरा ने बताया कि जांच के बाद नगरीय प्रशासन के विशेष सचिव ने पार्षद पद को बहाल कर दिया है। साथ ही जिला प्रशासन को नगर पंचायत छुरी के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कहा है। बताना होगा नगरीय प्रशासन के आदेश अध्यक्ष खेमा में हड़कंप मच गया है। तीन पार्षदों के विपक्ष में मतदान करने पर अध्यक्ष नीलम देवांगन को अपने पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

बताना होगा कि इससे पहले भी पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने समय पर निर्वाचन को आय व्यय का ब्यौरा नहीं दिया था। जिससे उन्हे अध्यक्ष पद से हटना पड़ा था। नगर में मध्यावधि चुनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। वार्ड क्रमांक नौ हीरालाल यादव के पार्षद पद से बर्खास्त होने से जिला निर्वाचन ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी थी। बहरहाल पार्षद के पक्ष में नगरीय प्रशासन के निर्णय ने सत्तापक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की राह खोल दिया है।

## मादक उत्पाद के साथ बाइक पर जा रहा था, पहुंचा जेल

**रतनपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी युवक गांजा लेकर मोटर साइकिल से जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

मिली जानकारी के अनुसार, बिलासपुर पुलिस नशे के कारोबार और नशा से निजात दिलाने के लिए अभियान चला रही है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस रतनपुर से पेंड्रा रोड पर तैनात थी। इस दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को घासीपुर के पास रोका। तलाशी लेने पर उसकी बाइक पर बंधे बोरे में लगभग सात किलो गांजा मिला।

# कोयला उत्पादन का लक्ष्य बढ़ने के साथ खदानों में बढ़ी दुर्घटनाएं

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कोल इंडिया लगातार कोयले का उत्पादन बढ़ाने में जुटा है। कोयला उत्पादन का लक्ष्य बढ़ने के साथ खदानों में दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ गई है। सबसे अधिक तेलंगाना के कोयला खदानों में दुर्घटनाएं हो रही। छत्तीसगढ़ में खदानों में भी सुरक्षा को लेकर और अधिक सतर्क होने की आवश्यकता महसूस की जा रही।

कोयला मंत्रालय ने केंद्र सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी हैए उसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश की अलग अलग कोयला खदानों में 23 दुर्घटनाएं हुईं, इनमें 27 श्रमिकों की मौत हुई है। सर्वाधिक सात मौतें तेलंगाना में हुई हैं। बात छत्तीसगढ़ में संचालित साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की खदानों की करें, तो वित्तीय वर्ष 2017-18 में एसईसीएल का 1538 लाख टन का लक्ष्य रहा। इस वर्ष हुई खदान दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हुई, इतने ही कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और इतने ही लोगों को सामान्य चोटें आई। वित्तीय वर्ष 2018-19 में लक्ष्य बढ़ कर 1600 लाख टन हो गया और मौत की संख्या 14 जा पहुंची। आठ घायल हुए। वर्ष 2019-20 में 1705 लाख टन रहा। इस वर्ष आठ कर्मियों की जान गई और 10 लोगों को गंभीर रूप से घायल हुए। वर्ष 2020-21 में 1720 लाख टन लक्ष्य रहा तो दुर्घटना में 12 कर्मियों की मौत हुई और पांच घायल हुए। वर्ष 2021-22 में भी 1720 लाख टन लक्ष्य रहा और पांच कर्मियों की मौत दुर्घटना में हुई और 10 घायल हुए। बीते वर्ष 2022-23 में 1820 लाख टन ही रहा में चार लोगों की मौत हुई। मौत की संख्या कम रही पर 18 कर्मचारी घायल हुए। आंकड़ों पर नजर डालें तो जैसे. जैसे लक्ष्य बढ़ता गया, खदानों में दुर्घटनाएं बढ़ती गई। एसईसीएल की क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य गणेश प्रसाद का कहना कि कर्मचारियों पर अधिक काम का बोझ है। आउटसोर्सिंग की कंपनियों में कार्यरत ठेका कर्मी को तकनीकी रूप से दक्ष नहीं है। शून्य दुर्घटना के लिए सुरक्षा संसाधनों में वृद्धि करनी होगी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी सुधारनी होगी।

गेवरा खदान में मोबाइल पर प्रतिबंध, फर्स्ट एड की ट्रेनिंग एसईसीएल की सबसे बड़ी गेवरा कोयला खदान में सुरक्षा को लेकर गंभीर हुए प्रबंधन ने नियमित व ठेका कर्मियों के मोबाइल पर अप्रैल माह से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। खदान में काम के दौरान मोबाइल उपयोग करते यदि कर्मचारी मिले, तो उन पर विभागीय तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसके अलावा खदान के अंदर ही फर्स्ट एड प्रशिक्षण कैंप भी शुरू कर दिया गया है। यहां माइनिंग सरदार व ओवहरमैन रैंक के 30 कर्मियों का बैच बना कर उन्हें दुर्घटना में घायल हुए कर्मियों को प्राथमिक उपचार देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा।

## पति की रिहाई के नाम पर पत्नी से 40 हजार की ऑनलाइन ठगी

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** चिटफंड से जुड़े मामले में महासमुंद जेल में बंद ग्राम कोथारी के एक व्यक्ति की रिहाई के लिये उसकी पत्नी से 40 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर लेने का आरोप हैं। रिपोर्ट पर पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बताया गया हैं की उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कोथारी निवासी पूर्व में चिटफंड कंपनी कार्यरत था। वह चिटफंड से जुड़े एक मामले में करीब ढाई माह पहले गिरफ्तार किया गया। तब से वह महासमुंद के जेल में बंद है। गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबर से कॉल आने लगे। पति की जेल से जल्द रिहाई कराने का झांसा दिया गया। इसके लिए रुपए की व्यवस्था करने को कहा गया। अलग-अलग किस्त में ऑनलाइन 40 हजार रुपए जमा कराने के बाद और रकम की मांग की गई। इस पर पत्नी को ठगी का पता चला। इस पर उसने रकम वापस मांगी। तब ठग टालमटोल करने लगे। ऐसे में उसने उरगा थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# नल-जल योजना कार्य में भ्रष्टाचार, पुरानी पाइप लाइन में की जा रही कनेक्शन

## भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने की एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर को शिकायत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**भैयाथान।** सरकार की अति महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के द्वारा हर घर में नल से जल पहुंचाने का उद्देश्य है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा हर गांव में जल जीवन मिशन के माध्यम से टंकी बनाकर हर घर को नल कनेक्शन का काम किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं को सिर पर दूर दराज के कुँए और हैंडपंपों से पानी न ढोना पड़े, लेकिन सरकार की इस योजना को ग्राम राई में भ्रष्टाचार का ढीमक लग गया है और जिम्मेदारों ने आँखे बंद कर ली हैं। इस संबंध में वन विभाग सांसद प्रतिनिधि व भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने भैयाथान अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से सूरजपुर कलेक्टर इफ्फत आरा से की है और तत्काल जांच कराकर कार्यवाही व पुनःनिर्माण कार्य करने की मांग की गई है।

भैयाथान विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत राई में कराए जा रहे नल-जल योजना के कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़



रहा हैं। ग्राम राई निवासी सांसद प्रतिनिधि व भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत राई में चल रहे नल-जल योजना के तहत कार्य जिसमे ज्यादातर घटिया स्तर की पाईप लाइन डाली जा रही है और आठ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत में नल जल योजना मिशन के तहत कार्य कराई गई थी उसी पुरानी पाइपलाइन में जोड़ा है। जो कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त चुकी है। कुछ ही नया पाईपलाइन की जा रही है और गहराई में भी नहीं दबाया जा रहा है इससे पाईप लाइन जमीन के ऊपर से ही दिखाई दे रही है एवं इसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इसके अलावा नलों के चैम्बर भी गुणवत्ताहीन बनाए गए हैं। इस कारण पानी सप्लाई शुरू होने से पहले ही यह क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। पंचायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिम्मेदार अफसरों को इसकी सूचना भी दी गई है लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। करोड़ो का बजट उपलब्ध कराया है। बजट आने के बाद भी ठेकेदार व इंजीनियर के लापरवाही मिली भगत से घटिया स्तर की पाइप लाइन का में मानक तय पर नहीं कराया जा रहा है। इसी तरह टोंटियां भी घटिया क्वालिटी की हैं, जो कि देखने को मिल रही है। घरों की ओर दिए गए नल कनेक्शनों को भी सीमेंट में गाड़े जाने की बजाए पाइप का टुकड़ा लगाकर औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। पाइप लाइन के दौरान गांव के पहुच विहीन सड़कों को डैमेज किया जा रहा है बड़े-बड़े गड्ढा कर छोड़ दिया जा रहा है जिसमें कि लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। ठेकेदार ने विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से नियमो को ठेंगा दिखाकर भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दिया है। इतना सब कुछ हो रहा है विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की सह पर, इस भ्रष्टाचार से अधिकारी भलीभांति परिचित हैं लेकिन सबका अपना हिस्सा तय है। इस प्रकार के कार्य कराकर सरकार के नुमाइंदे अपनी पीठ खुद ही थपथपा लेंगे। ज्ञापन में यदि सात दिवस के भीतर यदि जांच व कार्रवाई नहीं की जाती है तो भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के नेतृत्व में 24 अप्रैल को राई अम्बिकापुर मार्ग प्रतीक्षालय चौक के समीप राई के स्थानीय ग्रामीणों व युवाओं के साथ उग्र आंदोलन करने विवश होंगे।

# नवदुर्गा स्व.सहायता महिला समूह के कोरोना काल में कराए गए भोजन का भुगतान अब तक नहीं

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कोरोना काल में कराए गए भोजन का भुगतान महिला स्व सहायता समूह को अब तक नहीं किया गया है। भुगतान के लिए कई बार पत्राचार के बाद भी भुगतान नहीं होने से महिला स्व सहायता समूह के सदस्य परेशान हैं। सामग्री उधारी देने वाले व्यापारी अब उन पर दबाव बना रहे हैं। उनकी समस्या को लेकर अब पूर्व गृहमंत्री और रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित किया है।

श्री कंवर ने पत्र में लिखा है कि जिले में कोरोना काल के दौरान नवदुर्गा स्व सहायता महिला समूह ढोढ़ीपारा के द्वारा मरीजों को मुहैया कराए गए भोजन की बकाया राशि 25 लाख 36 हजार 360 रुपए का भुगतान आज पर्यंत तक नहीं किया गया है। जिसके कारण उक्त महिला समूह के सामने कई तरह की आर्थिक और सामाजिक परेशानियां उत्पन्न हो गई है। जिले में जब कोरोना महामारी ने दस्तक दी थी तो उस दौरान कोविड अस्पताल सहित इस महामारी से लड़ रहे लोगों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा नवदुर्गा महिला स्व सहायता समूह को भोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। महिला समूह के द्वारा प्रशासन कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाया गया। प्रशासन के निर्देश पर भोजन की व्यवस्था के लिए महिला समूह ने जिले के अनेकों व्यापारियों से उधारी में अनाज आदि की व्यवस्था कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इसके बाद भी आज पर्यंत तक महिला समूह की बकाया राशि 25 लाख 36 हजार 360 रुपए का भुगतान प्रशासन के द्वारा महिला समूह को नहीं किया गया है। श्री कंवर ने अपने पत्र में लिखा है कि उनके द्वारा इसके पूर्व भी कलेक्टर कोरबा को शीघ्र भुगतान हेतु आग्रह किया गया, लेकिन इस पर कोई ध्यान अब तक नहीं दिया गया है।

# बिलासपुर में राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**पाटन। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और छत्तीसगढ़ डेंटल एसोसिएशन एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन बिलासपुर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ सकरी क्रिकेट ग्राउंड जिला बिलासपुर में कमल वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 32 टीमें भाग ले रही है, जिनमे शासकीय एवं अर्ध शासकीय विभाग एवं अर्ध शासकीय संघ की टीमें भाग ले रही है। कमल वर्मा ने अपने उद्बोधन में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नवा रायपुर प्रीमियर लीग की तर्ज पर भविष्य में प्रतिवर्ष होने वाले राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के नियम बनाये जायेंगे, जिसमे सभी जिले के शासकीय-अर्धशासकीय, अधिकारी-कर्मचारी टीम भाग ले सकेंगे। उन्होंने भविष्य में इस तरह के आयोजन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के अंतर्गत खेल एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन करते हुए डॉ विक्रम घोरे को खेल प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया व अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। शुभारंभ के मौके में कमल वर्मा के साथ अति विशिष्ट डॉ. बी पी सोनी, जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि श्री सत्येंद्र देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ अपाक्स(छ. ग. अनु.जाती, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन) , विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ व्ही. के. पैगवार, जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ, जिला जांजगीर चांपा, डॉ. दिव्या साव, अध्यक्ष, आई डी ए बिलासपुर, डॉ मनीष गोयल, डॉ अर्चना गोयल, डॉ लक्ष्मीकांत कश्यप, आदर्श दुबे, मनीष यादव, शेखर राव, अभिषेक तिमूथी, आदित्य श्रीवास, किरण राव और सीतल उपस्थित रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम रात्रि मैच में टीम सिंचाई विभाग एवं टीम सिम्स मेडिकल कॉलेज के बीच मुख्य अतिथि कमल वर्मा जी द्वारा टॉस कराया गया। जिसमें टॉस जीतकर सिंचाई विभाग ने सिम्स मेडिकल कॉलेज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सिम्स ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाए, जिसमे प्रेम प्रकाश भानु में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 27 गेंदों पर 44 रनों का योगदान दिया तथा सिंचाई विभाग के तरफसे अजय और विवेक ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। 84 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम सिंचाई विभाग ने 10 ओवरों में 70 रन ही बना पाई और यह मैच सिम्स ने 13 रनों से जीत लिया। सिंचाई विभाग की ओर से आकाश ने 16 और अजय ने 13 रनों का योगदान दिया, टीम सिम्स की तरफसे गोविंद ने 2 ओवरों में 4 रन देकर 3 विकेट की सफलता ली। इस मैच के मन ऑफद मैच प्रेम प्रकाश भानु रहे। टूर्नामेंट संचालन में बिलासपुर मेडिको स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तरफ से डॉक्टर विक्रांत घोरे, डॉक्टर लक्ष्मीकांत कश्यप, आदर्श दुबे, शेखर राव, अभिषेक तिमूथी, आदित्य श्रीवास, मनीष यादव, किरण राव एवं सीतल आदि उपस्थित रहे।

कोरिया फ्रंटलाइन

# नरवा विकास के तहत चयनित बंशीपुर के जोरान नाले में किचड़ एवं गदगी निकासी के साथ बना निर्मला घाट

## महात्मा गांधी नरेगा से पुराने स्टाप डेम को बनाया गया उपयोगी, भरा एक किलोमीटर बैक वाटर

**छ.ग.फ्रंटलाइन, कोरिया।** प्राकृतिक जल स्त्रोतों के जीर्णोधार के लिए सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नरवा विकास के तहत कोरिया जिले के वनांचल सोनहत में स्थित ग्राम बंशीपुर का जोरान नाला अब एक आकर्षक जल स्त्रोत बन गया है। यहां पुराने स्टापडेम से गाद निकासी करते हुए स्थानीय ग्रामीणों के उपयोग के लिए एक निर्मला घाट बनाया गया है जिससे पूरे गांव को दैनिक निस्तार में आसानी होने लगी है और जोरान नाले में लगभग एक किलोमीटर दूर तक बैकवाटर भर गया है जिससे पूरे क्षेत्र में जलस्तर में वृद्धि हो रही है। नरवा विकास के तहत कोरिया एवं एमसीबी जिले में हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सुराजी ग्राम योजना के अंतर्गत नरवा विकास के लिए कोरिया एवं एमसीबी जिले के पांचों जनपद पंचायतों के अंतर्गत 74 नदी नालों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोगी 51 नरवा विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करायी गई है। इस विस्तृत कार्य योजना अंतर्गत सभी 51 नरवा में बारहमासी जल संरक्षण व उसके आस पास के क्षेत्रों में मृदा संरक्षण के साथ जल संचय के अलग-अलग 582 इकाई कार्य लिए गए हैं। इन इकाई कार्यों के अंतर्गत छोटे बड़े लगभग 8 हजार 537 कार्यों को लिया गया है। दोनों जिलों को मिलाकर लगभग 200 किलोमीटर लंबाई







में बहने वाले 51 नालों के कुल 46 हजार 523 हेक्टेयर कैचमेंट एरिया के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन स्वीकृत कार्यों में से अब तक 250 से ज्यादा कार्य पूरे कराए गए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। उन्होंने बताया कि सोनहत के ग्राम बंशीपुर में बहने वाले जोरान नाले को भी नरवा विकास के तहत लिया गया है और वहां लगभग दो दशक पूर्व बने स्टापडैम से किचड़ एवं गदगी निकासी कर उसे ग्रामीणों के लिए उपयोगी बनाया गया है। ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर वहां ग्रामीणों के दैनिक निस्तार के लिए एक निर्मला घाट भी बनाया गया है जिसका लाभ आम ग्रामीण ले रहे है। नरवा विकास के तहत हुए इस कार्य के बारे में ग्राम पंचायत बंशीपुर के ग्रामीण जय लाल, मोहित और रामप्रकाष ने बताया कि जोरान नाला हमारे गांव के उपर स्थित पहाड़ी बदरा खोह से निकलता है और यहां बारहमासी पानी आता रहता है। परंतु देख रेख की कमी से इसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बीस साल पहले जल संसाधन विभाग से एक स्टापडेम बनाया गया था पर निरंतर किचड़ एवं गदगी भरने के कारण यह पूरी तरह से अनुपयोगी हो गया था। ग्राम पंचायत के माध्यम से यह कार्य पूरा कराया गया है। अब जोरान नाले में लगभग एक किलोमीटर पीछे तक भरपूर पानी रूकने लगा है। गांव में नीचे के खेतों में नमी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने उत्साह से बताया कि आने वाले साल से लगभग 32 एकड़ में दोनों फसल खेती करेंगे। मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी सोनहत श्री प्रतीक जायसवाल ने बताया कि जोरान नाले को नरवा विकास के क्लस्टर दो के अंतर्गत चिन्हांकित किया गया है। एक इकाई कार्य के तहत विकसित किए जा रहे जोरान नाला में बारहमासी जल भराव के लिए इसके कैचमेंट एरिया में 3 हजार से ज्यादा कंटूर टेंञ्च, 329 लूज बोल्डर चेक, 10 गली प्लग, एक गेबियन संरचना, 30-40 माडल की 100 संरचनाएं, किचड़ एवं गदगी निकासी कार्य, 2 कूप निर्माण तथा कई भूमि समतलीकरण जैसी कुल 4225 संरचनाओं को लिया गया है और आने वाले बारिष के पहले इसके सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे यह नाला एक बारहमासी नाले के तौर पर आम ग्रामीणों के लिए और भी उपयोगी साबित होगा।

## एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल को

**छ.ग.फ्रंटलाइन, कोरिया।** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति के सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल 2023 को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों तथा शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़गवां, स्वामी आत्मानन्द उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया हैं। उन्होंनें बताया कि चयन परीक्षा के लिए कक्षा 6वी के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म एक्सेप्ट किया गया है वे एकलव्य वेबसाईट https://eklavya. cg.nic.in/admit-card-login पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाईल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं जिन विद्यार्थियों का फार्म रिजेक्ट किया गया है वे अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाइल नम्बर की सहायता से रिजेक्ट होने के कारण जान सकते है। पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोंड़ीडीह, सोनहत, जमथान-भरतपुर से भी प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थी परीक्षा हेतु काले एवं नीले रंग के बाल पेन साथ लेकर आएंगे। परीक्षार्थी परीक्षा के 01 घंटे पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होगें।

## केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को पार्षद ने ज्ञापन सौंपकर नई मेमो ट्रेन चलाने की मांग की

**छ.ग.फ्रंटलाइन, मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद एवं राजस्थान भवन के अध्यक्ष श्यामसुंदर पोद्दार ने केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर चिरमिरी से बिलासपुर नई मेमू ट्रेन चला जाने का आग्रह किया है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में पोद्दार ने उल्लेख किया है कि मनेन्द्रगढ़ -चिरमिरी एवं आसपास का क्षेत्र कोयलांचल एवं व्यापारिक क्षेत्र है जहां उड़ीसा, बंगाल एवं अन्य क्षेत्रों के लोग काफी संख्या में निवासरत हैं। कोलकाता व्यापारी क्षेत्र है बिलासपुर में किराना एवं



कपड़े का व्यापारी क्षेत्र है उक्त क्षेत्र में क्षेत्र के व्यापारी काफी संख्या में आते-जाते हैं। उन्हें मात्र चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन का ही सहारा है । कोलकाता, उड़ीसा जाने हेतु अधिकांश गाड़ियां दोपहर 3 बजे के बाद बिलासपुर से निकलती है। उक्त गाड़ियों को पकड़ने के लिए रात्रि में बिलासपुर ट्रेन मिलती है। इसके चलते बिलासपुर में 6-7 घंटे लोगों को अनावश्यक रूप से पड़े रहना पड़ता है। अतः आपसे आग्रह है कि एक नई मेमू ट्रेन चिरमिरी से सुबह 6 बजे छूटकर दोपहर 12 बजे बिलासपुर पहुंचे और बिलासपुर से रात्रि 6 बजे छूटकर रात्रि 12 बजे चिरमिरी पहुंचे। ऐसा होने से क्षेत्र की जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। पोद्दार ने कहा है कि इस मेमो के शुरू हो जाने से हर क्षेत्र का व्यापार बढ़ेगा क्षेत्र की आम जनता को भी काफी लाभ होगा। इसके साथ ही साथ उन्होंने अपने ज्ञापन में चिरमिरी- रीवा व चिरमिरी- बिलासपुर ट्रेन में भी एसी कोच लगाए जाने का आग्रह किया है। इससे क्षेत्र के रेल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग चिरमिरी-बिलासपुर को दुर्ग तक बढ़ाने की है यदि इस ट्रेन को राजधानी से जोड़ दिया जाए तो यहां के रहने वाले आदिवासी बनवासी व गरीब वर्ग के लोगों के बच्चों को दुर्ग-भिलाई तक जाने में सुविधा मिल सकेगी क्योंकि यहां शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की काफी दिक्कत है। अगर इस ट्रेन को दुर्ग तक बढ़ा दिया जाएगा तो इस क्षेत्र की जनता का काफी भला होगा।

## श्री श्याम मित्र मंडल ने कोरबा सांसद ज्योतसना महंत को कार्ड देकर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किया आमंत्रित

**सांसद ने किया भव्य श्री श्याम मंदिर का अवलोकन, खाटू श्याम बाबा मंदिर में दान स्वरूप सांसद ने प्रदान किया 1 लाख 1000 रुपए की नगद राशि**

**छ.ग.फ्रंटलाइन मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में नवनिर्मित भव्य श्री श्याम बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 29 अप्रैल से आयोजित है । इसको लेकर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मनेन्द्रगढ़ दौरे पर पहुंचे कोरबा सांसद ज्योतसना महंत को आमंत्रण कार्ड भेंट कर आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित होने का



आग्रह किया। कोरबा सांसद ज्योतसना महंत के साथ भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बबिता सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद ने भव्य मंदिर निर्माण को बारीकी से अवलोकन करते हुए मंदिर में हुए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल द्वारा आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मलित होने आग्रह किया गया जिसे सांसद ने सहर्ष स्वीकार किया है और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया है। इस दौरान मंदिर समिति के सदस्यों ने कोरबा सांसद ज्योतसना महंत, विधायक गुलाब कमरो, नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल,बबीता सिंह सहित अतिथियों को साफा भेंट कर स्वागत किया गया। कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने खाटू श्याम बाबा मंदिर हेतु 1 लाख 1000 रुपए की नगद राशि दान स्वरूप प्रदान की जिस पर श्याम मित्र मंडल समिति ने सांसद को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गौठान बोडार में आजीविकामूलक गतिविधियों से सम्पन्न हो रहीं समूह की महिलाएं

**जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण कर महिलाओं का किया उत्साहवर्धन, नवीन गतिविधियों हेतु किया प्रेरित**

**छ.ग.फ्रंटलाइन कोरिया।** जिले के गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप सम्पन्न हो रहीं हैं। इन्हीं गतिविधियों का जायजा लेने शनिवार को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने विकासखण्ड सोनहत के बोडार गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा नियमित रूप से खरीदी जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गौठान में संचालित आजीविका




गतिविधियों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नवीन गतिविधियों हेतु महिलाओं को प्रेरित किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर रहीं माँ रमदईया स्वसहायता समूह की महिलाओं ने श्रीमती जैन को बताया कि उन्होंने अब तक 681.30 क्विंटल खाद का विक्रय किया है, समूह की अध्यक्ष मालती ने बताया कि समूह द्वारा गौठान में बाड़ी का भी कार्य किया जा रहा है यहां उन्होंने वर्तमान में मिर्च, टमाटर, आलू लगाए हैं, जिनके विक्रय से उन्हें 12 हजार का शुध्द लाभ हुआ है। इसी प्रकार गौठान में आराधना तथा गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन का कार्य किया जा रहा है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही भूपेश सरकार : ज्योत्सना

**छ.ग.फ्रंटलाइन, मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति कैसे सुधरे और महिलाएं आर्थिक रूप से कैसे सुदृढ़ हो इसकी चिंता कर कांग्रेस की भूपेश सरकार लगातार काम कर रही है जिसका परिणाम है कि महिलाएं आज आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार की आय बढ़ाने में मददगार हो रही हैं। उक्त बातें कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने रविवार को नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कह रही थी। नगर पालिका सभाकक्ष में सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत व सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुलाब कमरों का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन व समूह की महिलाओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया। सर्वप्रथम सांसद के नगर पालिका कार्यालय आगमन पर नगर पालिका की अध्यक्षा प्रभा पटेल ने अपने समर्थकों के साथ उनकी आगवानी कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सभा कक्ष में उपस्थित मंचासीन अतिथियों का नपा पार्षदों व महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि गांव हो या शहर घर द्वार छोड़कर दूसरे के घर में एक-एक घर जाकर सेवा व साहसिक कार्य करने वाली मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नमन है। उन्होंने कहा हम जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा इनका सम्मान किया जाना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा एक ग्रहणी के अलावा बाहर के दूसरे कार्यों को प्रभावी ढंग से करना अपने आप में चैलेंज वाला कार्य है। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने अभी आपका मानदेय बढ़ाया है आगे चलकर हमारी सरकार आने पर और सहयोग किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे पति डॉ चरणदास महंत जब पहली बार विधायक बने थे तो उनका वेतन मात्र 800 रुपए था यह वेतन उन दिनों में भी काफी अधिक था उन्होंने कहा कि जनता काफी विश्वास करके हमें चुनती है उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से कहा की सेवा कार्य हमें करते रहना चाहिए इसका कभी न कभी हमें पुण्य जरूर मिलता है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह केवल अपनी मन की बात करते हैं लेकिन विपक्ष की बात सुनते ही नहीं। क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन प्रारंभ करने व महिला चिकित्सक को लेकर भी उन्होंने जल्द समस्याओं के निराकरण की बात कही। उन्होंने मितानिन बहनों की मांग पर उन्होंने भवन हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भरतपुर शहर विधायक गुलाब कमरों ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव गांव गली गली में मितानिनों के द्वारा जो मेहनत का कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय



है इसके लिए मेरी जब सरकार बनी तो मैंने उन्हें आश्वस्त किया था कि आप धैर्य रखिए हमारी सरकार आप की सुध लेगी और हमारे द्वारा प्रयास करने पर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल हुआ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की वेतन को बढ़ाकर 10 हजार रुपए कर दिया इसके अलावा सहायिकाओं का मानदेय भी बढ़ा दिया उन्होंने कहा कि मितानिनों को कोई मानदेय नहीं मिलता था जिसे हमारी सरकार ने बढ़ाकर 22 सौ रुपए प्रतिमाह कर दिया उन्होंने कहा कि मितानिन बहने यह न सोचे कि हम राज्य सरकार से अलग हमारी सेवा है उन्होंने कहा अगर राज्य सरकार मानदेय आपको दे रही है तो आप राज्य सरकार के कर्मचारी हैं और राज्य सरकार के अधीन आपको कार्य करना होगा उन्होंने कहा कि पिछले रमन सरकार के 15 वर्षों में केवल आपको सब्जबाग दिखाए गए थे हमारी सरकार जो कहती है वह करती है मनेंद्रगढ़ बिहान योजना के तहत लगभग 20 हजार महिलाओं को गौठान व अन्य माध्यम से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार से लगाया गया है उन्होंने कहा कि मैंने अपनी विधानसभा में 13 सौ करोड़ रुपए के विकास कार्य कराएं हैं मनेंद्रगढ़ को जिला बनाकर हमने इस जिले को तेजी से विकसित करने के लिए प्रदेश के मुखिया व विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में निरंतर विकास राशि की स्वीकृत करा रहे हैं उन्होंने कहा कि जहां राशन कार्ड के लिए ग्रामीण व शहरी गरीब को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था हम लोगों ने जरूरतमंदों को उसी गांव व शहर में राशन कार्ड स्वीकृति करा कर उसे राशन की व्यवस्था कराई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मेडिकल कॉलेज के रूप में यह जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी तेजी से विकसित करेगा। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं मितानिनो से लोगों की सेवा का संकल्प उठाने की बात कही उन्होंने कहा सरकार की नजर पारखी है और समय आने पर स्वयं आप के सुख सुविधाओं का ख्याल रखेगी। नगर पालिका अध्यक्षा प्रभा पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि कि जिस प्रकार से पूरे छत्तीसगढ़ की महिलाओं का संसद में नेतृत्व कर रही सांसद महंत को वह बताना चाहती है कि कोरोना कॉल में जहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं मितानिनो के द्वारा जो कार्य किया गया था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। घर-घर दवाओं का वितरण कर अपने जान-माल की रक्षा न कर दूसरों की जान बचाने का जो कार्य किया गया वह काफी साहसिक हैं यह अपने आप में काफी संघर्ष वाला कार्यक्षेत्र है। उन्होंने कहा पूर्व की सरकार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं मितानिनों से केवल फील्ड में कार्य कराया जाता था वेतन की बात आती थी तो उन्हें काफी लटकाया जाता था। कई कई माह उनका वेतन रोका जाता था पर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं व मितानिनों के अलावा समूह की महिलाओं को उनकी मेहनत को देखा और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से आज उन्हें सम्मानजनक वेतन बढ़ा कर दिया जा रहा है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। जिला पंचायत सदस्य उषा करियाम ने भी अपनी बात रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनो के कार्यक्षेत्र व समस्याओं के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी मशीन होने के बाद भी वह चालू नहीं हो पा रही है जिसकी वजह से अक्सर मितानिनों को गर्भवती महिलाओं का जांच कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्हें गांव व शहर में लोगों से बात सुननी पड़ती है उन्होंने महिला चिकित्सक की भी नियुक्ति की बात उठाई। इस दौरान पार्षद गोपाल गुप्ता ने आंगनबाड़ी की स्वीकृति के संबंध में कहा कि पिछले 7 वर्षों से उनके द्वारा चार आवेदन महिलाएं बाल विकास विभाग में दे दिया जा चुका है पर उनका तर्क होता है कि बैकुंठपुर, रायपुर के बाद दिल्ली से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पद स्वीकृत होते हैं। उन्होंने कोरबा सांसद से उक्त पद की जल्द स्वीकृति की मांग की । इसके अलावा कार्यक्रम के अंत में समूह की महिलाओं को बर्तन देकर उन्हें रोजगार परक बनाने के लिए निशुल्क बर्तन का सेट दिया गया। जिससे जरूरतमंद महिलाएं महीने में उक्त बर्तन को किराए पर देकर अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकती हैं। कार्यक्रम में महिला सुपरवाइजर शिल्पा अग्रवाल के द्वारा महिला एवं बाल विकास के संबंध में कुछ मांगे व समस्याएं रखी गई। महिला ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष अंजली यादव ने भी इस दौरान समूह की समस्याओं से उपस्थित जनों को अवगत कराया। मंच का संचालन पार्षद नागेंद्र जायसवाल व आभार प्रदर्शन नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजेश शर्मा, युवा नेता सूरज महंत, युकां नेता वेंकटेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि बलवीर सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र पाल मखीजा, राजकुमार जैन, पार्षद अभय बड़ा आदि। और काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन व समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा